आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11। अंक 191। मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, व भोपाल, रायपुर व बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025

## शॉट न्यूज

### मुख्यमंत्री ने नवीन विधानसभा परिसर में किया पौधरोपण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर स्थित नवीन विधानसभा परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना कर गुलमोहर का पौधा रोपित किया। मुख्यमंत्री श्री साय 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप सहित मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्य एवं विधानसभा के सभी सदस्यों ने भी गुलमोहर का पौधारोपण किया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, विधानसभा सचिव श्री दिनेश शर्मा, अपर मुख्य सचिव (वन) श्रीमती ऋचा शर्मा, छत्तीसगढ वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोंपज संघ श्री अनिल साहू, प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री अरुण कुमार पाण्डेय,मुख्य वन संरक्षक श्री राजू अगासमणि भी उपस्थित थे।

### सीएम से जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज विधानसभा परिसर में दुर्ग जिले से आए जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को जैन समाज द्वारा मानव सेवा एवं सामाजिक उत्थान के लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विधानसभा परिसर के भ्रमण और सदन की कार्यवाही के अवलोकन के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि यह उनके लिए एक प्रेरणादायक अवसर रहा। मुख्यमंत्री ने जैन समाज की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि समाज की सकारात्मक गतिविधियाँ प्रदेश के समावेशी विकास में सहायक सिद्ध हो रही हैं। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को उनके सामाजिक कार्यों के लिए शुभकामनाएँ दीं।

### विधानसभा के समिति कक्ष में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक



**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा के समिति कक्ष में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, विधायक अजय चंद्राकर, विधायक धर्मजीत सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर कार्यशाला आयोजित

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीतिः 2020 के पुनः उन्मुखीकरण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विश्वविद्यालय में लागू स्नातक पाठ्यक्रमों में एनईपी के एक वर्ष के क्रियान्वयन की समीक्षा करना और आवश्यक सुधारों पर विचार करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति एवं रायपुर संभागायुक्त श्री महादेव कावरे ने कहा कि एनईपी 2020 न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी, बल्कि यह युवाओं को उनकी स्थानीय परंपरा और ज्ञान से जोड़ने में सहायक होगी।

सरगुजा के मनेंद्रगढ़ जिले में आयकर विभाग ने छापा मारा है

# सीए और एसईसीएल मैनेजर के यहां दबिश

**संवाददाता ● मनेंद्रगढ़**





सोमवार को मनेंद्रगढ़ में इनकम टैक्स ने बड़ी कार्रवाई की है। मनेंद्रगढ़ और चिरमिरी में यह आयकर विभाग ने यह छापा मारा है। चिरमिरी के पोड़ी नवापारा स्थित एसईसीएल ओपन कास्ट के मैनेजर रविशंकर चक्रधारी और मनेंद्रगढ़ निवासी सीए मनीष गुप्ता के घर पर रेड पड़ी। चार गाड़ियों में पहुंची टीम ने घर को चारों तरफ से घेरकर जांच की कार्रवाई की है।

### आयकर चोरी के मामले में कार्रवाई

आयकर विभाग ने दोनों ठिकानों पर इनकम टैक्स चोरी के केस में कार्रवाई की है। इस रेड की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आयकर विभाग की टीम भी मीडिया से बच रही है। अधिकारियों ने केवल इतना कहा है कि जांच पूरी होने के बाद ही वे मीडिया को जानकारी देंगे। आयकर विभाग की यह कार्रवाई किस आधार पर हुई है, इसकी जानकारी अभी तक स्पष्ट नहीं है। अधिकारी जांच पूरी होने के बाद ही विस्तृत जानकारी देने की बात कह रहे हैं। SECL मैनेजर और CA के घर पर आयकर विभाग की छापेमारी से हड़कंप मच गया है।

### जांच पूरी होने के बाद देंगे जानकारी

इस केस में आयकर विभाग की टीम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह जांच पूरी होने के बाद पूरे मामले की जानकारी देंगे। कुल 6 की संख्या में इनकम टैक्स के अधिकारी पहुंचे थे। यह बताया जा रहा है कि एसईसीएल में फर्जी रिफंड के केस में यह कार्रवाई हुई है। दोनों से पूछताछ का सिलसिला जारी है।

### दोनों ठिकाने पर इनकम टैक्स की कार्रवाई जारी

दोनों ठिकानों पर आयकर विभाग की यह कार्रवाई चल रही है। इनकम टैक्स के अधिकारी और कर्मचारी दोनों जगह पर जांच कर रहे हैं। कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए जाने की संभावना है। इस कार्रवाई के बाद दोनों व्यक्तियों के खिलाफ आयकर विभाग की टीम और क्या कार्रवाई करती है। यह देखने वाली बात होगी।

नवा रायपुर में वेटलैण्ड एवं जैव विविधता संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन

# मुख्यमंत्री साय का आह्वान- 'वेटलैण्ड मित्र' बनें, जैविक विरासत को बचाएं

**संवाददाता ● रायपुर**




जैव विविधता एवं आर्द्रभूमियों (वेटलैण्ड्स) के संरक्षण के उद्देश्य से आज नवा रायपुर स्थित दण्डकारण्य अरण्य भवन में एक उच्चस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्रीद्वय श्री अरुण साव एवं श्री विजय शर्मा सहित कैबिनेट के सभी मंत्री एवं विधायकगण उपस्थित थे। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि जैव विविधता और वेटलैण्ड्स का संरक्षण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं, बल्कि यह हमारी भावी पीढ़ियों की सुरक्षा का सवाल भी है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से जैव विविधता के संरक्षण में भागीदारी सुनिश्चित करने और "वेटलैण्ड मित्र" बनकर जनजागरण फैलाने का आग्रह किया।

**संरक्षण**

आर्द्रभूमि संरक्षण के संदर्भ में प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री अरुण कुमार पाण्डेय ने बताया कि वेटलैण्ड्स पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण की कार्यप्रणाली और जिला स्तरीय आर्द्रभूमि संरक्षण समितियों के गठन की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि इन समितियों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर वेटलैण्ड्स की निगरानी एवं संरक्षण को मजबूती मिल रही है। कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई कि राज्य का गिधवा-परसदा पक्षी अभ्यारण्य अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित रामसर साइट बनने की पात्रता रखता है। इसके अतिरिक्त, बलौदाबाजार जिले के खोखरा ग्राम को छत्तीसगढ़ की पहली रामसर साइट के रूप में सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। कार्यशाला के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से "वेटलैण्ड मित्र" के रूप में जुड़कर जैव विविधता और आर्द्रभूमियों के संरक्षण हेतु सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। यह भागीदारी राज्य में पर्यावरणीय चेतना को जनआंदोलन का रूप देने में सहायक होगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव (वन) श्रीमती ऋचा शर्मा, छत्तीसगढ़ वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव, जैव विविधता बोर्ड के सदस्य सचिव श्री राजेश कुमार चंदेले सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित थे।

### विविधता की रक्षा से ही पूर्ण होती है

मुख्यमंत्री ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना केवल आधारभूत ढांचे के विकास से नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और जैविक विविधता की रक्षा से ही पूर्ण होती है। उन्होंने आह्वान किया कि हर जनप्रतिनिधि व नागरिक जैव विविधता एवं वेटलैण्ड संरक्षण के लिए व्यक्तिगत दायित्व समझें और 'वेटलैण्ड मित्र' बनकर इस अभियान को जनांदोलन में परिवर्तित करें।

### छत्तीसगढ़ देश का तीसरा राज्य है

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष श्री राकेश चतुर्वेदी ने व्यापक प्रस्तुति दी। उन्होंने 1992 के अर्थ सम्मिट, जैव विविधता अधिनियम 2002, राष्ट्रीय जैव विविधता बोर्ड की भूमिका और जैव विविधता प्रबंधन समितियों की संरचना एवं कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ देश का तीसरा राज्य है, जहां जैव विविधता प्रबंधन समितियाँ प्रभावी रुप से कार्य कर रही हैं।

51 दिन महिला को रखा

# डिजिटल अरेस्ट, 2 करोड़ 83 लाख की ठगी

**संवाददाता ● रायपुर**



रायपुर में महिला को डिजिटल अरेस्ट करके साथ 2 करोड़ 83 लाख रुपए की साइबर ठगी की गई है। महिला का नाम सोनिया हंसपाल है,जो जायसवाल निको स्टील कंपनी से मार्केटिंग जनरल मैनेजर पद से रिटायर हुईं हैं। सफायर ग्रीन निवासी सोनिया हंसपाल को ठगों ने फोन करके झांसा दिया कि उनके अकाउंट से मनी लॉन्ड्रिंग का पैसा ट्रांसफर हुआ है।

**पुलिस अधिकारी बनकर महिला को डराया :** महिला फोन आने के बाद डर गई और ठगों पर यकीन कर लिया।इसके बाद महिला को करीब डेढ़ महीने तक ठगों ने डिजिटल अरेस्ट करके रखा। पीड़ित सोनिया ने इस दौरान ठगों के बताए खातों में 23 मई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक आरटीजीएस के माध्यम से 2 करोड़ 83 लाख रुपए ट्रांसफर किए। इसके बाद अनजान शख्स ने उन्हें फोन करके बताया कि आपको डिजिटल अरेस्ट करके ठगी की गई है। इस घटना के बाद पीड़ित महिला ने 12 जुलाई को रायपुर के विधानसभा थाने में मामला दर्ज कराया। जायसवाल निको स्टील कंपनी की रिटायर्ड मार्केटिंग जनरल मैनेजर सोनिया हंसपाल ने ईटीवी भारत से बात की।

**अनजान कॉल से फंसी महिला :** जायसवाल निको स्टील कंपनी की रिटायर्ड मार्केटिंग जनरल मैनेजर सोनिया हंसपाल ने बताया कि 23 मई की सुबह लगभग 11 बजे एक कॉल आया था। कॉल करने वाले ने कहा कि मैं एसबीआई कस्टमर केयर से बोल रहा हूं। आपका क्रेडिट कार्ड का बैलेंस ड्यू है। कॉल करने वाले ने उन्हें दिल्ली का एड्रेस बताया लेकिन उन्होंने अपना एड्रेस रायपुर का बताया।

**मनी लॉन्ड्रिंग का डर दिखाकर ठगी :** पीड़िता ने बताया कि सामने वाले ने आगे कॉल ना करके व्हाट्सएप कॉलिंग करनी शुरू कर दी। सामने वाले शख्स ने खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताया। इसके बाद पीड़िता से कहा कि आपका आधार कार्ड वेरीफाई करना होगा। इसके मैंने आधार कार्ड का फोटो खींचकर व्हाट्सएप कर दिया। इसके बाद अनजान शख्स ने कहा कि आपके बहुत सारे अकाउंट आधार नंबर से खोले गए हैं। कॉल करने वाले शख्स ने बताया कि जम्मू कश्मीर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, चेन्नई तमाम राज्यों में अकाउंट खोले गए हैं। इसलिए आपको मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में अरेस्ट किया जाएगा।

**49 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट :** दिल्ली पुलिस के अधिकारी बनकर कॉल करने वाले अंजान शख्स ने कितने अकाउंट नंबर हैं। घर में कौन-कौन रहते हैं इस तरह की जानकारी भी मांगी। इसके बाद सोनिया हंसपाल ने बताया कि उनके पति की मौत हो गई है। दोनों मोबाइल में व्हाट्सएप चालू रखने की धमकी भी दी गई थी। ठगों ने सोनिया हंसपाल को धीरे-धीरे अपने जाल में फंसाते रहे। इस तरह ठगों ने सोनिया हंसपाल को अपने पक्ष में करने के बाद आरटीजीएस करने के लिए कहा। इसके बाद पीड़िता ने 23 मई 2025 से लेकर 10 जुलाई 2025 तक 2 करोड़ 83 लाख रुपए ट्रांसफर किए।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल से 'श्री रामलला दर्शन योजना' हो रही साकार

# रजत जयंती वर्ष में आस्था और सांस्कृतिक चेतना की ऐतिहासिक पहल

**संवाददाता ● रायपुर**

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती वर्ष में प्रदेशवासियों को श्रीराम लला के दर्शन का सौभाग्य प्रदान करने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल से 'श्री रामलला दर्शन योजना' जन जन के जीवन से जुड़ रही है।

इस योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली विशेष ट्रेन दिनांक 15 जुलाई 2025 को रायपुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए रवाना होगी। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय स्वयं इस विशेष दर्शन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। रायपुर संभाग के श्रद्धालुओं को लेकर रवाना होने वाली इस ट्रेन के प्रस्थान अवसर पर मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा, प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं दक्षिण पूर्व-मध्य रेलवे रायपुर मंडल के डीआरएम श्री दयानंद, सीनियर डीसीएम श्री अवधेश त्रिवेदी तथा आईआरसीटीसी – साउथ सेंट्रल ज़ोन के ग्रुप महाप्रबंधक श्री पी. राजकुमार भी उपस्थित रहेंगे।



उक्त एमओयू के क्रियान्वयन की श्रृंखला में योजना की विधिवत शुरुआत रायपुर संभाग के श्रद्धालुओं के साथ 5 मार्च 2024 को हुई थी, जब मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वरिष्ठ मंत्रीगणों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में रायपुर रेलवे स्टेशन से पहली विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

### अयोध्या धाम दर्शन का अवसर प्रदान करना

उल्लेखनीय है कि प्रदेशवासियों को उनके जीवनकाल में एक बार प्रभु श्रीराम लला के अयोध्या धाम दर्शन का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 23 फरवरी 2024 को छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड एवं इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (IRCTC) के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) संपादित किया गया था।

## सावन का पहला सोमवार | शिवालयों में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना



सावन सोमवार को शहर के शिवालयों में दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालुओं की सुबह से ही भीड़ उमड़ी। मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार हुआ। रात तक भक्तों का तांता लगा रहा।

### सफाई में इंदौर देश के 4900 शहरों को पछाड़कर सिरमौर है

# घर-घर से कचरा उठाना इंदौर की सफाई व्यवस्था की मजबूत कड़ी

संवाददाता | इंदौर

इस बार फिर स्वच्छता में 4 हजार 900 शहरों को पछाड़ कर शीर्ष पर है। सफाई के नवाचारों को तो इंदौर कर रही रहा है, लेकिन शहर की सबसे बड़ी ताकत घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था है। स्वच्छता रैंकिंग में शामिल होने वाले शहर इस व्यवस्था को बरकरार नहीं रख पा रहे है,जबकि इंदौर की स्कोरिंग इसमें ही सबसे ज्यादा होती है।

पिछले साल इंदौर के साथ पहली रैंकिंग साझा करने वाले सूरत शहर को भी कचरा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए काफी समय लगा, लेकिन लगातार दूसरे साल व्यवस्था कायम नहीं रह पाई। इंदौर को जब स्वच्छता रैंकिंग में दूसरी बार पहले स्थान पर आया था, तभी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था को इतना मजबूत कर लिया था कि सड़कों पर कचरा दिखाई देना बंद हो गया था।

### 24 वार्डों से शुरू किया था प्रयोग

सात साल पहले इंदौर में घर-घर कचरा संग्रहण का प्रयोग 24 वार्डों से शुरू किया गया था। रहवासी संघों को स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से समझाया गया कि कचरा सड़क पर या बैकलेन में न फेंके। इसे हर सुबह आने वाली गाड़ी को दे। इसके अच्छे नतीजे आए। इसके बाद कचरा संग्रहण गाड़ियां खरीदी गई और इंदौर के 85 वार्डों में यह व्यवस्था लागू कर दी गई। खास बात यह है कि इसे निजी हाथों में नहीं सौंपा गया, बल्कि नगर निगम का अमला ही इसे संचालित करता है।




### इंदौर में नहीं है कचरा पेटियां

ज्यादातर शहरों में कचरा पेटियों के आसपास ही कचरा फैला दिखाई देता है। जगह-जगह कचरा पाइंट बनाए जाते है, लेकिन इंदौर में एक भी कचरा पेटी नहीं है। जिन जिन वार्डों में पहले डोर टू डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था लागू की गई। वहां से कचरा पेटियां हटा दी गई। इंदौर के लोग दिनभर कचरा घरों में संभाल कर रखते है और उसे सुबह कचरा लेने वाले वाहनों को देते है।

### शहरवासियों की भागीदारी से संभव

मेयर पुष्य मित्र भार्गव का कहना है कि डोर टू डोर कचरा व्यवस्था का इंदौर में शत-प्रतिशत लागू होने शहरवासियों के कारण ही संभव हुआ। यह सिस्टम इंदौर में काफी मजबूत है और यही हमारी ताकत भी है। अब एप के माध्यम से भी कचरा गाड़ियां बुलाने की व्यवस्था नगर निगम ने की है।

## दोस्त के साथ घूमने गए नाबालिग की संदिग्ध मौत

**इंदौर**। कनाड़िया में रहने वाले 12 साल के राज सूर्यवंशी की संदिग्ध परिस्थिति में रविवार को मौत हो गई। बुखार आने के बाद उसके पिता उसे एक बाबा के पास झाड़ा दिलवाने ले गए थे। झाड़ा देने के बाद बाबा ने राज को डॉक्टर के पास ले जाने को कहा था। दो अस्पतालों ने इलाज करने से इंकार कर दिया। एमवाय अस्पताल पहुंचे तब तक बच्चे की मौत हो गई थी। कनाड़िया पुलिस ने बताया कि तेजकरण सूर्यवंशी बेटे राज को लेकर रविवार रात एमवाय अस्पताल पहुंचे थे। यहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने राज को मृत घोषित कर दिया। तेजकरण ने बताया कि शनिवार को राज इलाके के दोस्तों के साथ तालाब घूमने गया था। इसके बाद उसे बुखार आया। हम बाबा से झाड़ा दिलवाने झालरिया ले गए। झाड़ा देने के बाद बाबा ने बुखार को लेकर डॉक्टर के पास ले जाने को कहा। परिवार राज को सांई कृपा अस्पताल ले गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दूसरे अस्पताल ले जाने को कह दिया। परिवार दूसरे अस्पताल ले गया, तो वहां से एमवाय ले जाने की सलाह दी गई। परिवार एमवाय लेकर पहुंचा, जहां कुछ देर बाद बच्चे की मौत हो गई। तेजकरण निजी इलेक्ट्रानिक कंपनी में काम करते हैं। राज उनका इकलौता बेटा था और छठी कक्षा में पढ़ता था। वे मूल रूप से सागर के रहने वाले हैं।

## 'सोनम रघुवंशी का भाई नहीं उठा रहा है फोन', राजा के परिवार ने की पुलिस से शिकायत

संवाददाता | इंदौर

शिलांग जेल में बंद सोनम रघुवंशी के भाई गोविंद रघुवंशी ने राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी को 10 लाख रुपये के गहने वापस लौटा दिए हैं। इसमें जो कहानी सामने आई वो काफी चौकाने वाली है। दरअसल राजा के परिवार ने गोविंद से उन गहनों को वापस लौटाने के लिए कहा था जो उन्होंने शादी के दौरान सोनम रघुवंशी को गिफ्ट किए थे। जानकारी के मुताबिक गोविंद राजा के परिवार को गहने लौटाने पर कोई ध्यान नहीं दे रहा था। इस मामले में जब भी बात होती तो वह कभी खुद के पास अलमारी की चाबी ना होने की बात कहता, तो कभी माता-पिता से पूछकर गहने लौटाने की बात कहता। पिछले दिनों तो गोविंद ने राजा के भाई विपिन का फोन भी उठाना बंद कर दिया था।

### सोनम रघुवंशी से अब कोई रिश्ता नहीं

राजा के भाई विपिन रघुवंशी का कहना है कि अब उनका सोनम रघुवंशी से कोई रिश्ता नहीं है। उसने हमारे भाई की हत्या करवा दी। परिवार ने बहू मानकार उसे लाखों रुपये के सोने और चांदी के गहने दिलवाए थे।



### पुलिस से गोविंद को करवाया फोन

इसके बाद विपिन रघुवंशी ने राजेंद्र नगर थाने में शिकायत करते हुए बताया कि सोनम रघुवंशी का भाई गोविंद उनका फोन नहीं उठा रहा है। विपिन ने पुलिस द्वारा गोविंद को फोन लगवाया था। इसके बाद गोविंद सोनम रघुवंशी को राजा के परिवार द्वारा गिफ्ट किए गए गहने लेकर राजेंद्र नगर थाने पहुंचा। गहनों में अंगूठी, बिछुड़ी, पायल, चूडियां, टीका, रानी हार और सोने का हार शामिल था। वहीं कुछ गहने मंगलसूत्र, अंगूठी, बिछुड़ी और पायल शिलांग पुलिस के पास जब्त हैं।

### पीएम मोदी और आरएसएस पर बने हेमंत मालवीय के कार्टून को भड़काऊ बताया

## कार्टूनिस्ट को सुप्रीम कोर्ट से भी नहीं मिली राहत

संवाददाता | इंदौर

पीएम नरेंद्र मोदी और आरएसएस पर कार्टून बनाने वाले इंदौर के कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की युगल पीठ ने सोमवार को इस मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर तत्काल राहत देने से मना कर दिया, लेकिन उन्हें माफी मांगने के लिए मंगलवार तक का समय दिया है।

इंदौर हाईकोर्ट द्वारा हेमंत मालवीय की अग्रिम जमानत खारिज करने के बाद मालवीय इस मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा, उनमें अभी भी कोई परिपक्वता नहीं है। यह वास्तव में भड़काऊ है। सुप्रीम कोर्ट ने अपरिपक्व कार्टून के लिए हेमंत मालवीय की आलोचना की। कहा गया कि विवादित कार्टून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को 'अशोभनीय' तरीके से दिखाया गया था। मालवीय का पक्ष रखते हुए एडवोकेट वृंदा ग्रोवर ने जवाब दिया, पोस्ट (जिसमें कार्टून था) हटा दिया गया है। पोस्ट कोई अपराध नहीं है। यह



व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मामला है। इस पर भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा, यह हर जगह हो रहा है। अगर यह आपत्तिजनक है, तो भी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले पर मंगलवार को फिर सुनवाई होगी।

कार्टून पर हुआ था विवाद हेमंत मालवीय के तीन महीने पहले मई में बनाए कार्टून पर विवाद हो गया था। इसे लेकर एडवोकेट विनय जोशी ने मालवीय पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 196 (विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य बढ़ाना), 299 (धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करना), 302 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से कार्य करना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से अपमान करना) और 353 (शरारत) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67ए के तहत आरोप लगाए गए हैं। यह था विवादित कार्टून में कार्टून में आरएसएस की यूनीफार्म पहने एक व्यक्ति को प्रधानमंत्री के कार्टून के सामने झुके हुए दिखाया गया है, जिसके शॉट्र्स नीचे खींचे हुए हैं और उसका निचला हिस्सा दिखाई दे रहा है। मोदी को गले में स्टेथोस्कोप लटकाए, हाथ में एक इंजेक्शन लिए और दिखाया गया था। हाईकोर्ट ने खारिज की है अग्रिम जमानत याचिका 8 जुलाई को पारित एक आदेश में इंदौर उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने हेमंत मालवीय की अग्रिम जमानत पर सुनवाई करते हुए कहा कि मालवीय ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग किया है। उन्हें संबंधित व्यंग्य चित्र बनाते समय अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए था। हाई कोर्ट एडवोकेट विनय जोशी की शिकायत पर पुलिस ने कार्टूनिस्ट के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### यूपी से 4 साल पहले नौकरी करने आया था

## तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर वेटर की हादसे में मौत

संवाददाता | इंदौर



तिलक नगर रोड पर देर रात एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से आजाद नगर निवासी 30 वर्षीय वेटर की मौत हो गई। मृतक की पहचान आनंद यादव पुत्र रामकरण यादव निवासी काली पुलिया, आजाद नगर के रूप में हुई है। वह एक निजी होटल में काम करता था और रात करीब 12 बजे ड्यूटी के बाद साइकिल से घर लौट रहा था, तभी हादसा हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद घायल आनंद सड़क किनारे गिर पड़ा, जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर कुछ देर बाद एम्बुलेंस पहुंची, अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने आनंद को मृत घोषित कर दिया। मृतक के जीजा पप्पू यादव ने बताया कि आनंद मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। चार साल पहले काम के सिलसिले में इंदौर आया था और यहीं होटल में काम करने लगा था। उसके परिवार में पत्नी, एक छह माह की बेटी, एक भाई और तीन बहनें हैं। पत्नी और बच्ची फिलहाल उत्तर प्रदेश में ही रहती हैं। आजाद नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

## सड़क पर गिरे तार को हटाने पहुंचा नाबालिग गंभीर रूप से झुलसा

**इंदौर।** रविवार शाम हुई तेज बारिश से सड़क पर पानी जमा होने के बाद एक तार को हटाने गए नाबालिग को करंट लग गया। हादसे के बाद वह पानी में तड़पता रहा। उसे स्थानीय लोगों ने बचाया। बाद में इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां से निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। घटना चंदन नगर के अहमद नगर बांक की है। यहां पर एक नाबालिग को रविवार शाम करंट लग गया। बताया जाता है कि तेज बारिश के कारण यहां पर पानी भरा गया था। इसमें तार टूटे पड़े थे। दो नाबालिग यहां सड़क पर जमे पानी में खेल रहे थे। इसी दौरान वहां बिजली के टूटे तार को हटाने के दौरान बच्चे को करंट लग गया। जिसमें वह झुलस गया। बाद में रहवासियों ने उसे जैसे तैसे बचाया ओर फिर अस्पताल भेजा। बिजली कंपनी और निगम पर आरोप स्थानीय रहवासियों ने यहां बिजली कंपनी और नगर निगम पर आरोप लगाए है। लोगों का कहना है कि यहां हल्की बारिश में पानी जमा हो जाता है। वही मेंटनेंस के नाम पर बिजली कंपनी काफी समय तक बिजली सप्लाय तो बंद कर देता है। लेकिन टूटी केबल और पोल से आ रहे तारों पर ध्यान नहीं देता।

### सांसद ने की सावन में इंदौर-उज्जैन विशेष ट्रेन चलाने की मांग

# सड़क मार्ग खराब और ट्रेनों में भीड़ इसलिए चले विशेष ट्रेन

संवाददाता | इंदौर

सावन महीना शुरू होते ही इंदौर से उज्जैन जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। सड़क मार्ग से लेकर ट्रेनों तक भीड़ देखी जा रही है। इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन निर्माण कार्य के कारण सड़क यात्रा कठिन हो गई है। इसे देखते हुए सांसद शंकर लालवानी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर सावन के दौरान इंदौर से उज्जैन के बीच विशेष ट्रेन चलाने की मांग की है। लालवानी ने बताया कि इंदौर के साथ-साथ देश के अन्य शहरों से भी श्रद्धालु इंदौर पहुंचकर उज्जैन जाते हैं। चूंकि सड़क मार्ग की स्थिति फिलहाल अच्छी नहीं है, इसलिए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष ट्रेन आवश्यक है। सांसद ने कहा कि वे इस संबंध में रतलाम रेल मंडल के अधिकारियों से भी बात करेंगे।

### इंदौर-दरभंगा ट्रेन की उठी मांग

नवंबर 2025 में प्रस्तावित बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र, पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान, मध्य प्रदेश ने इंदौर-दरभंगा के बीच सीधी सुपरफास्ट ट्रेन की दशकों पुरानी मांग दोबारा उठाई है। संस्थान के अध्यक्ष ठाकुर जगदीश सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन सौंपते हुए आग्रह किया कि इंदौर और दरभंगा के बीच नई ट्रेन चलाई जाए।

उन्होंने बताया कि उत्तर बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लाखों प्रवासी इंदौर में बसे हैं, जिनके लिए यह ट्रेन जरूरी है। यह प्रस्तावित ट्रेन मालवा और मिथिला के बीच सांस्कृतिक ही नहीं, बल्कि आर्थिक सेतु का भी कार्य करेगी। पूर्व में संस्थान इंदौर से भागलपुर और रांची के लिए भी ट्रेनों की मांग कर चुका है।




### 14 जुलाई से नैनपुर तक चलेगी इंदौर-सिवनी पेंचवैली एक्सप्रेस

यात्रियों की सुविधा और मांग को देखते हुए पश्चिम रेलवे, रतलाम मंडल द्वारा गाड़ी संख्या 19343/19344 इंदौर-सिवनी पेंचवैली एक्सप्रेस का विस्तार नैनपुर स्टेशन तक किया गया है। नैनपुर स्टेशन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के तहत आता है। रेलवे पीआरओ खेमराज मीना ने बताया कि गाड़ी संख्या 19343 (इंदौर-नैनपुर पेंचवैली एक्सप्रेस) 14 जुलाई से इंदौर से रवाना होकर सुबह 6:30 बजे नैनपुर पहुंचेगी। वहीं गाड़ी संख्या 19344 (नैनपुर-इंदौर पेंचवैली एक्सप्रेस) 15 जुलाई से रात 7 बजे नैनपुर से रवाना होगी।

## छोटी बहन को स्कूल छोड़ने जा रहा था, वैन की टक्कर से छात्र की मौत

**इंदौर**। गांधी नगर इलाके में सड़क हादसे में 17 साल के छात्र भविष्य यादव की मौत हो गई। वह बाइक से अपनी छोटी बहन भूमिका को बीपी चिल्ड्रन स्कूल छोड़ने जा रहा था। तभी मारुति वैन ने टक्कर मार दी और भविष्य पोल से टकरा गया। हादसे में उसकी बहन भी घायल हुई है, जिसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। गांधी नगर पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार सुबह 11 बजे गायत्री माता मंदिर के पास घटी। भविष्य 13 साल की बहन को लेकर स्कूल जा रहा था। वह सड़क से निकल रहा था, तभी एक मारुति वैन रिवर्स हो रही थी। भविष्य वैन की चपेट में आ गया और लोहे के पोल से जा टकराया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। जबकि बहन भूमिका दूसरी तरफ गिरी। घटना के बाद वैन का ड्राइवर दोनों को भाटिया अस्पताल ले गया और वहां छोड़कर फरार हो गया।

### सावन के पहले सोमवार भूतेश्वरनाथ में भक्तों की कतार, ज्वालेश्वर महादेव में बेलपत्र

# हटकेश्वर नाथ का गणेश रूप में श्रृंगार, दूध-जल से रुद्राभिषेक

संवाददाता ● रायपुर

**छत्तीसगढ़ में सावन महीने के पहले सोमवार को सुबह से ही शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, जल, दूध चढ़ाकर भगवान की पूजा-अर्चना की। रायपुर-बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया। वहीं रायपुर में बाबा हटकेश्वर नाथ का गणेश स्वरूप में श्रृंगार किया गया है।** कबीरधाम जिले में भोरमदेव पदयात्रा निकाली गई। हर-हर महादेव और बोल बम की गूंज से शहर में शिवभक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। इस यात्रा में प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा और क्षेत्रीय विधायक भी शामिल हुए। उन्होंने पंचमुखी बूढ़ा महादेव में पूजा-अर्चना की। गरियाबंद जिले में स्थित स्वयंभू शिवलिंग भगवान भूतेश्वरनाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बता दें कि भूतेश्वरनाथ की ऊंचाई हर वर्ष बढ़ती ही जा रही है। इसकी ऊंचाई 80 फीट और गोलाई 210 फीट है।

**सावन**

### बोल बम के जयकारों की गूंज

भक्तों ने लंबी कतारों में खड़े होकर भगवान भूतेश्वरनाथ महादेव को जल चढ़ाया और मनोकामनाएं मांगी। पूरा वातावरण हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंज उठा, पवित्र सावन माह भगवान शिव की भक्ति और आराधना का खास महीना माना जाता है।

### सुबह से भक्तों की उमड़ने लगी भीड़

राजिम में विश्व प्रसिद्ध बाबा कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर में सावन माह के पहले सोमवार को सुबह 4 बजे से ही भक्तों का बड़ा सैलाब उमड़ा हुआ है। यह मंदिर त्रिवेणी संगम पैरी, सोंढूर और महानदी में स्थित है। मान्यता है कि वन वास काल के समय माता सीता ने अपने हाथों से शिवलिंग का निर्माण किया था।

### ज्वालेश्वर महादेव मंदिर में भारी भीड़

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित ज्वालेश्वर महादेव मंदिर में सावन के पहले सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने अमरकंटक स्थित नर्मदा उदगम से जल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया।



**सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात**

कांवड़िए नर्मदा उद्गम से जल भरकर 8 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर ज्वालेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। यहां स्वयंभू शिवलिंग पर नर्मदा जल के साथ बेलपत्र, दूध और दही से अभिषेक किया गया। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बंगाल से आए श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त से ही पूजा-अर्चना शुरु कर दी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले और छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की पुलिस को तैनात किया गया है।

### रायगढ़ के मंदिरों में ओम नमः शिवाय का जाप

रायगढ़ के महादेव मंदिर, गौरीशंकर मंदिर, कोमसनारा बाबा धाम में भी सुबह से भीड़ उमड़ी है। मंदिरों में ओम नमः शिवाय के जाप गूंज रहे हैं। श्रद्धालु बेलपत्र और जल चढ़ा कर पूरे विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना कर रहे हैं। मनेन्द्रगढ़ में प्राचीन मंदिर सिद्ध बाबा धाम सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा है। शिव भक्त हसदेव गंगा तट से जल भर कर गाजे-बाजे के साथ आस्था अनुसार शिवालयों में जल चढ़ाया। महिलाएं विशेष हरे पोषाक में तो पुरुष भगवा कपड़े धारण कर मंदिर पहुंचे। मंदिर में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने भी सिद्ध बाबा का दर्शन जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया । मनेंद्रगढ़ स्थित सिद्ध बाबा मंदिर में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित झारखंड और बिहार राज्य से भी भक्त अपनी मनोकना लेकर पहुंचते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई मनोकामना भक्तों की पूर्ण होती है। कोरबा के SECL शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ पहुंचने लगी।

## शॉर्ट न्यूज

### ट्रेन से गिरा ITBP का जवान, इलाज के दौरान तोड़ा दम

बालोद। दिल्ली से ट्रेनिंग पूरी कर पंजाब के जालंधर स्थित अपनी यूनिट लौट रहे ITBP (भारत तिब्बत सीमा पुलिस) के जवान की ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। दो दिन बाद सोमवार को जवान का पार्थिव शव छत्तीसगढ़ के बालोद पहुंचा। जहां डौंडी लोहारा ब्लॉक के ग्राम डारागांव में अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही है। परिजनों के अनुसार पूरी घटना शुक्रवार की है। जवान तुलेश उर्वशा (32) ट्रेन से जालंधर लौट रहे थे। इसी दौरान उतरते समय उनका बैग ट्रेन में फंस गया और संतुलन बिगड़ने से वो नीचे गिर गए। हादसे के तुरंत बाद उनके साथियों ने उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई थी। लेकिन कुछ ही समय बाद उनकी तबीयत फिर बिगड़ी।

### 17 करोड़ का कन्वेंशन हॉल एक महीने में हुआ खराब

कोरबा। कोरबा में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर कन्वेंशन हॉल की फॉल्स सीलिंग गिरने के मामले में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने दो इंजीनियरों को निलंबित कर दिया है। 17 करोड़ रुपए की लागत से बने इस भवन का निर्माण 23 अप्रैल 2024 को पूरा हुआ था। लोकार्पण के मात्र एक महीने बाद 8 जुलाई 2025 को सीलिंग गिर गई। मंडल के अपर आयुक्त की जांच रिपोर्ट में इसे गंभीर तकनीकी खामी और गुणवत्ता में कमी बताया गया है। इस मामले में असिस्टेंट इंजीनियर कांशी प्रकाश पैकरा और एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आर.के. दंदेलिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में दोनों का मुख्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल मुख्यालय, संभाग-जगदलपुर निर्धारित किया गया है।

### चाचा-भतीजों ने नाबालिग को चाकू गोदकर मार डाला

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में चाचा-भतीजों ने मिलकर एक नाबालिग लड़के पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। युवक लहूलुहान हालत में जिला अस्पताल में तड़पता रहा, जहां उसकी मौत हो गई। इधर, घटना से गुस्साए परिजनों ने आरोपियों के मकान पर आग लगा दी। हालांकि, दमकल की मदद से आग को काबू में कर लिया गया। पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। मरने वाला नाबालिग जरहाभाठा मिनी बस्ती का रहने वाला सुमित बांधे (16) था। शुरुआती जांच में पता चला कि सुलभ शौचालय में धक्कामुक्की को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने आरोपी सूरज भास्कर और उसके 2 नाबालिग भाइयों को गिरफ्तार किया है। जबकि, उनका चाचा छोटू भास्कर मर्डर के बाद से फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। दरअसल, रविवार दोपहर को 2 पक्षों के बीच कहासुनी हो रही थी।

# बिलासपुर में धर्मांतरण को लेकर बवाल

### नशा मुक्ति केंद्र की आड़ में धर्म परिवर्तन का आरोप

संवाददाता ● बिलासपुर

**बिलासपुर में रविवार की रात हिंदूवादी संगठन के नेता और कार्यकर्ताओं ने धर्मांतरण कराने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तब युवकों ने बताया कि, वो नशे से छुटकारा पाने के लिए नशा मुक्ति केंद्र में आए हैं। पुलिस ने पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है।**

**विरोध**

हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता राम सिंह ठाकुर ने बताया कि, उन्हें भरनी के आवासपारा में चर्च बनाने और वहां धर्मांतरण कराने की जानकारी मिली। जिस पर वो कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंचे, तब पता चला कि आवासपारा में सरकारी जमीन पर एक भवन बना है, जिसे उन्होंने चर्च बताया। उनका आरोप है कि इस भवन में प्रार्थना सभा और नशा मुक्ति के बहाने युवाओं को बरगला कर धर्म परिवर्तन कराया जाता है। जिसकी प्रशासनिक जांच होनी चाहिए। इसके लिए फंडिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।



युवकों को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर हंगामा किया। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को बुला लिया। आरोप लगाया कि भवन में 10-15 युवकों को बरगला कर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीन युवकों को पकड़ लिया और पूछताछ के लिए थाने ले गई।

### टीआई बोले- धर्मांतरण का आरोप गलत

इधर, सकरी थाना प्रभारी प्रदीप आर्या ने बताया कि, तीन लड़कों से पूछताछ की गई, जिन्होंने बताया कि वो भवन में नशा मुक्ति केंद्र चलाते हैं। यहां अधिक नशा करने वाले लड़के आते हैं। जिन्हें नशा छुड़ाने के बारे में बताया जाता है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण का आरोप गलत है।

### करैत सांप के डसने से 5वीं की छात्रा की मौत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में करैत सांप के डसने से 11 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। मृतिका की पहचान रीना कुमारी यादव पिता कम्हन यादव के रूप में हुई है। जो कि 5वीं कक्षा में पढ़ती थी। घटना हरदी बाजार थाना क्षेत्र के भाटिकुड़ा की है। जानकारी के मुताबिक, बीती रात रीना अपनी दादी के साथ बिस्तर पर सो रही थी। अचानक वह चिल्लाते हुए उठी और रोने लगी। परिवार को लगा कि शायद किसी बरसाती कीड़े ने काट लिया है। जब लाइट जलाई गई, तो बिस्तर पर करैत सांप दिखा। परिजन सांप को पकड़ने की कोशिश कर ही रहे थे कि वह मिट्टी की दीवार में घुस गया।

**इलाज के दौरान तोड़ा दम**

### यात्रियों से भरी बस ट्रक से टकराई, 2 की मौत

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सोमवार सुबह यात्री से भरी बस खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में ड्राइवर और हेल्पर का मौत हो गई। जबकि 3-4 यात्रियों को मामूली चोटें आई है। हादसे के वक्त बस में 30 से अधिक लोग सवार थे। घटना बस्तर थाना क्षेत्र में माजीसा पेट्रोल पंप के पास की है। जानकारी के मुताबिक, ड्राइवर को झपकी आ गई और बस सीधे सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और ड्राइवर का शव फंस गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने यात्रियों को बाहर निकाला और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

**ड्राइवर को झपकी आने हादसा**

### सब्जी-खाने के बाद हुआ उल्टी-दस्त और पेट दर्द

# फुटू खाने से एक ही परिवार के 13 लोग बीमार

संवाददाता ● बालोद

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में पैरा में उगे फुटू की सब्जी खाने से एक ही परिवार के 13 सदस्य फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए हैं। सब्जी खाने के कुछ घंटे बाद सभी को उल्टी-दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगी। जिसके बाद उन्हें डौंडीलोहारा के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दरअसल, पूरा मामला डौंडीलोहारा क्षेत्र के ग्राम मुड़खुसरा की है। रविवार को गांव के एक ब्यारे में पैरा के ढेर पर फुटू उगा था। जिसे रेवती बाई हल्बा के यहां बनाया गया। फुटू ज्यादा मात्रा में नहीं था। इसलिए परिवार के सदस्यों ने थोड़ा-थोड़ा ही खाया। करीब 2 घंटे बाद एक के बाद एक बीमार पड़ गए। अस्पताल में भर्ती रेवती बाई ने बताया कि, फुटू की मात्रा कम थी। इसलिए सभी ने थोड़ा-थोड़ा खाया। परिवार के पुरुष सदस्य अपने काम मे व्यस्त थे। इसलिए उन्होंने फुटू नहीं खाया। जिससे वे सुरक्षित हैं। वहीं 15 वर्षीय लीमेश सहित महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा असर हुआ। बीएमओ डॉ. विनोद चौरका ने बताया कि, सभी पीड़ितों को तत्काल डौंडीलोहारा के शासकीय अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज जारी है। उन्होंने आशंका जताई कि जिस मशरूम (फुटू) की सब्जी बनाई गई थी वह संभवतः किसी जहरीली प्रजाति का रहा होगा। हालांकि सही समय पर इलाज मिलने से सभी मरीज अब सुरक्षित हैं।

**फूड शिकार**



### ये लोग हुए बीमार

रमलाबाई (60)
दुकालाबाई (65)
पुसईबाई (55)
दुर्गेश (20)
साक्षी (16)
गीतिका (11)
रामशिलाबाई (60)
संगीता (32)
रुशिला (35)
बैसाखिनबाई (65)
दशमतबाई (60)
रेवतीबाई (60)
लीमेश (15)

### जारी इलाज, स्थिति सामान्य

अस्पताल में सभी मरीजों को ड्रिप, इंजेक्शन और अन्य जरूरी उपचार दिए जा रहे हैं। सभी की हालत अभी सामान्य है। लेकिन उन्हें ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि बिना पहचाने जंगल या पैरा में उगने वाले मशरूम को खाने से बचें। यह सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है।

# खैरागढ़ में 4 साल से स्कूल भवन की हालत जर्जर

संवाददाता ● खैरागढ़

खैरागढ़ जिले के हाथीझोला गांव में शिक्षा व्यवस्था चरमराई हुई है। गांव का स्कूल भवन जर्जर होने के कारण चार साल पहले बंद कर दिया गया। तब से न तो भवन की मरम्मत हुई और न ही नया भवन बना।बकरकट्टा से मात्र तीन किलोमीटर दूर स्थित इस गांव में बच्चे कभी पेड़ के नीचे तो कभी आंगनबाड़ी में पढ़ने को मजबूर हैं।

**आश्वासन**

बैगा आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवन मरावी ने बताया कि स्कूल भवन की समस्या को लेकर खैरागढ़ कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगाई गई। लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला।ग्रामीणों के प्रयास से दो साल तक बच्चों की कक्षाएं पेड़ के नीचे लगीं। गर्मी और बारिश में पढ़ाई बाधित होती रही।



वर्तमान में आंगनबाड़ी भवन में बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। यहां जगह की कमी है। बच्चे जमीन पर बैठकर स्लेट और किताबों से पढ़ाई कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले चार साल से यही आश्वासन मिल रहा है। बैगा आदिवासी समाज की मांग है कि जल्द से जल्द गांव में नया स्कूल भवन बनाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि समाधान नहीं होने पर वे बच्चों के साथ कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन करेंगे।

### 40 से अधिक बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित

गांव में 40 से अधिक बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं। नेटवर्क की सुविधा न होने के कारण ऑनलाइन पढ़ाई भी संभव नहीं है और न ही बच्चों के पास कोई दूसरा विकल्प है। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी का कहना है कि हाथीझोला में स्कूल भवन जर्जर स्थिति में है। यहां आंगनबाड़ी के दो केंद्र संचालित हो रहे हैं, जिनमें से एक केंद्र में प्राथमिक शाला का संचालन किया जा रहा है।

# रायगढ़ के मंदिर में 25 लाख की चोरी

संवाददाता ● रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में श्री श्याम मंदिर में 25 लाख की चोरी हुई है। चोर मेन गेट का ताला तोड़कर मंदिर में घुसा। भगवान पर चढ़ा सोने का मुकुट, श्रृंगार के गहने और 2 दान-पेटी से कैश लेकर फरार हो गया। घटना का CCTV वीडियो सामने आया है। आरोपी सफेद रंग की प्लास्टिक ओढ़कर और लोहे की रॉड के साथ मंदिर में घुसते दिखाई दे रहा है।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह पुजारी और श्रद्धालु पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। मंदिर के अंदर बाबा श्याम का मुकुट समेत 2 दान पेटी गायब है। जिसके बाद मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस और डॉग स्क्वायड ने घटनास्थल पहुंचकर जांच की। पुलिस टीम ने जांच में पाया कि भगवान पर चढ़े 23 लाख के गहने और 2 लाख कैश की चोरी हुई है। चोरी रात डेढ़ बजे की गई है। मंदिर के बाहर लगे CCTV कैमरे में चोर कैद हुआ है। आरोपी सफेद रंग की प्लास्टिक को ओढ़कर मंदिर में घुसा। इसके बाद उसने बाहर के गेट से चिपका कर एक बड़े फ्लैक्स को लगा दिया। ताकि उसकी गतिविधियां नजर नहीं आए। फ्लैक्स मंदिर के अंदर ही था। इसके बाद आरोपी लोहे की रॉड से ताला तोड़ते हुए दिखाई दे रहा है। ताले को तोड़कर आरोपी मंदिर के भीतर घुसा। फिर गहने और कैश लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मंदिर में 2 दानपेटियां थी। जिसमें करीब 2 लाख रुपए कैश थे।

### ऑटो में बैठकर वॉकी-टॉकी से आंसर बता रही थी बहन

# अंडरगार्मेंट्स में कैमरा छिपाकर परीक्षा में नकल

संवाददाता ● बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में PWD की सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा में खुलेआम हाईटेक नकल चल रही थी। एग्जाम सेंटर के बाहर से एक युवती अपनी बहन को वायरलेस डिवाइस की मदद से आंसर बता रही थी, जिसे NSUI नेताओं ने रंगे हाथों पकड़ा है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है।

**हाईटेक**

जानकारी के मुताबिक रविवार को रामदुलारे शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल में एग्जाम सेंटर के अंदर एक अभ्यर्थी एग्जाम दे रही थी। वह अपने अंडरगार्मेंट्स में स्पाई कैमरा छिपाकर ले गई थी। प्रश्न पत्र को स्कैन कर अपनी बहन को भेज रही थी। वहीं बाहर बैठी बहन वॉकी-टॉकी की मदद से उत्तर बता रही थी। मामले का भंडाफोड़ होने के बाद नकल का प्रकरण बनाकर युवतियों के खिलाफ FIR दर्ज कराई गई है। वहीं भूपेश बघेल ने इस घटना पर सोशल मीडिया साइट x पर पोस्ट कर लिखा है कि, PWD सब-इंजीनियर परीक्षा में हाईटेक धांधली गिरोह पकड़ा गया है। भाजपा सरकार में संगठित गिरोह काम कर रहा है जो युवाओं के भविष्य का सौदा कर रहा है।



**अब जानिए क्या है पूरा मामला**


दरअसल, पीडब्ल्यूडी में असिस्टेंट इंजीनियर के 113 पदों के लिए रविवार को व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) की ओर से भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। सरकंडा के उच्चतर माध्यमिक शाला में परीक्षा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक चली। इसी एग्जाम सेंटर में अभ्यर्थी अनुसूर्या परीक्षा देने आई थी। एग्जाम सेंटर में तय समय से यानी 10:00 बजे परीक्षा शुरु हुई, तभी अनुसूर्या स्पाई कैमरा को अंडरगार्मेंट्स में छिपाकर रखी थी।

### सेंटर में इस तरह से चल रहा था खुलेआम नकल

NSUI नेता विकास सिंह ठाकुर ने बताया कि दो युवतियों ने रेलवे स्टेशन से उनके परिचित के टैक्सी ड्राइवर को रामदुलारे दुबे स्कूल पहुंचाने के लिए बुक किया था। स्कूल पहुंचने के बाद एक लड़की ने उसे स्कूल के बाजू में कार लगाकर रखने को कहा। साथ ही इसके लिए उसे किराया देने की बात कही। पहले तो ड्राइवर राजी हो गया। लेकिन, जब कार में बैठी युवती वॉकी टॉकी और टेबलेट जैसे डिवाइस निकाली, तब वो डर गया और इनकार कर दिया। जिसके बाद युवतियों ने ऑटो किराए पर लिया। फिर ऑटो में डिवाइस निकालकर नकल कराने लगी। दूसरी युवती अंदर एग्जाम सेंटर में अंडरग्रारमेंट्स में स्पाई कैमरा लेकर गई थी, जिसके माध्यम से प्रश्न पेपर को बाहर टेबलेट पर दिखा रही थी।

संपादकीय

## ट्रंप का बदला



अमेरिका के सरकारी विभाग इस समय अपने दौर की सबसे बड़ी छंटनी से गुजर रहे हैं। कहने के लिए ट्रंप प्रशासन सिस्टम में सुधार करना चाहता है, लेकिन स्टेट और जस्टिस डिपार्टमेंट में जिस तरह लोगों को टारगेट किया जा रहा है, वह सीधे-सीधे इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई बना देता है। ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन ने शुक्रवार को एक ही दिन में स्टेट डिपार्टमेंट के 1300 से ज्यादा कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया। यहां से अभी तक 3000 से अधिक कर्मियों को बर्खास्त किया जा चुका है। इसी तरह जस्टिस डिपार्टमेंट में लगातार छंटनी चल रही है। बीते दिनों करीब 20 लोगों को निकाला गया। इनमें वकील, सुरक्षा अधिकारी और सपोर्ट स्टाफ के लोग थे। 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में हार स्वीकार न करने वाले डॉनल्ड ट्रंप के समर्थकों ने जनवरी 2021 में US Capitol Hill पर हमला किया था। इस हिंसा से पूरी दुनिया स्तब्ध रह गई थी, लेकिन ट्रंप इसे राजनीतिक विरोध कहते रहे। सत्ता में लौटते ही उन्होंने उस हिंसा में शामिल 1500 से ज्यादा लोगों को माफी दे दी। इसके उलट, उन अधिकारियों को सजा दी जा रही है जिन्होंने इस मामले की जांच या पैरवी की थी। ट्रंप के निशाने पर वे सभी हैं, जिन्होंने उनके खिलाफ किसी भी फेडरल मुकदमे में कोई भूमिका निभाई थी। डॉनल्ड ट्रंप असहमति की गुंजाइश को खत्म कर रहे हैं, चाहे वह राजनीतिक हो या संस्थागत। यही वजह है कि डेमोक्रेटिक शासित राज्यों से उनका टकराव भी गहराता जा रहा है। हाल ही में जस्टिस डिपार्टमेंट ने मिनेसोटा की भर्ती प्रक्रिया पर जांच बैठाई है। इस राज्य पर ट्रंप प्रशासन की यह तीसरी कार्रवाई है। यह महज संयोग नहीं है कि मिनेसोटा के गवर्नर Tim Walz पिछले साल डेमोक्रेट्स की तरफ से उप-राष्ट्रपति पद के टिकट के दावेदार थे और ट्रंप के आलोचक रहे हैं। हार्वर्ड जैसी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी पर लगाई गई बंदिशें हों या खुद का खड़ा किया DOGE - ट्रंप हर जगह पूर्ण नियंत्रण चाह रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए सही नहीं। इससे खुद अमेरिका की छवि को नुकसान पहुंच रहा है। मानवाधिकार, शरणार्थी नीति और विदेश मामलों से जुड़े विभागों में लगातार कटौती हो रही है। इससे अमेरिका की विदेश नीति को लेकर असमंजस की स्थिति है। ट्रंप की कार्रवाई सिस्टम में सुधार लाने वाले नहीं, उसमें डर भरने वाली है। वह सत्ता का केंद्रीकरण कर रहे हैं। उनके कदम इस भरोसे को तोड़ रहे हैं कि प्रशासन निष्पक्षता के साथ और बिना डरे अपना काम कर सकता है।

# आतंकवाद में डिजिटल तकनीकों का बढ़ता उपयोग चिन्ताजनक

**टेक्नॉलजी तक आतंकी संगठनों की आसान पहुंच उन्हें और खतरनाक बना रही है। इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर नई रणनीति एवं नियंत्रण नीति की जरूरत है।**



– ललित गर्ग
लेखक राजनीतिक विषयों पर लिखते हैं।




टेरर फंडिंग पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की नई रिपोर्ट में आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई गई है। इस रिपोर्ट ने वैश्विक सुरक्षा के समक्ष एक नई और गहन चुनौती की ओर संकेत करते हुए आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते प्रयोग को गहन चिन्ताजनक बताया है। रिपोर्ट में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन भुगतान, सोशल मीडिया, क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण और संचालन के बढ़ते खतरे पर न केवल प्रकाश डाला गया है बल्कि गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट ने आतंकवाद के एक अलग ही पहलू की ओर ध्यान खींचा है। इसमें बताया गया है कि टेक्नॉलजी तक आतंकी संगठनों की आसान पहुंच उन्हें और खतरनाक बना रही है। इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर नई रणनीति एवं नियंत्रण नीति की जरूरत है। विशेष रूप से पाकिस्तान जैसे देशों में पलने-बढ़ने वाले आतंकी संगठन इन तकनीकों का उपयोग कर न केवल फंडिंग जुटा रहे हैं, बल्कि गोपनीयता और पहुँच के नए मार्ग भी तलाश रहे हैं। इसके अलावा, आतंकवादी संगठन अब विकेंद्रीकृत मॉडल की ओर बढ़ रहे हैं, जैसेकि अल-कायदा क्षेत्रीय इकाइयों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर धन जुटाना और संचालन करना। भारत ने समय-समय पर पाकिस्तान पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद को बेनकाब करते हुए दुनिया से मिल रहे आर्थिक सहयोग पर चिन्ता जताई और कठोर कार्रवाई की मांग की, इस रिपोर्ट को भारत के रुख का समर्थन करने वाले एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। एफएटीएफ के मुताबिक, 2019 में पुलवामा और 2022 में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में हुए आतंकी हमलों के लिए ऑनलाइन प्लैटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। पुलवामा में आतंकियों ने आईईडी का इस्तेमाल किया था और इसे बनाने के लिए एल्युमिनियम पाउडर एमेजन से खरीदा गया था। गोरखपुर में हुए हमले में पैसों के लेनदेन में ऑनलाइन जरिया अपनाया गया। गोरखपुर वाले केस में आतंकी विचारधारा से प्रभावित शख्स ने इंटरनैशनल थर्ड पार्टी ट्रांजैक्शन और वीपीएन सर्विस का उपयोग किया था। इस तरह से उसने आईएसआईएल के समर्थन में विदेश में धन भेजा था और उसे भी बाहर से आर्थिक मदद मिली थी। वीपीएन एक डिजिटल तकनीक है जो इंटरनेट उपयोगकर्ता की लोकेशन और पहचान को छुपाती है। जब कोई व्यक्ति वीपीएन का उपयोग करता है, तो उसका इंटरनेट ट्रैफिक एक एन्क्रिप्टेड सुरंग के माध्यम से किसी अन्य देश के सर्वर से होकर गुजरता है। इससे उसकी वास्तविक पहचान छिप जाती है और वह सेंसरशिप, ट्रैकिंग और जियो-रिस्ट्रिक्शन से बच सकता है। 2024 तक दुनिया में 150 करोड़ से अधिक वीपीएन यूज़र्स हैं। इनमें से बड़ी संख्या एशिया और मध्य पूर्व से है, जहां सेंसरशिप या निगरानी से बचने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। भारत में 12 से 14 करोड़ वीपीएन उपयोगकर्ता हैं। भारत वीपीएन यूज़र्स की संख्या में दुनिया के शीर्ष 3 देशों में शामिल है। वीपीएन का उपयोग कर आतंकी सोशल मीडिया और गुप्त चैनलों के ज़रिए युवाओं को बरगलाने और भर्ती करने का काम करते हैं। कुछ आतंकवादी समूह वीपीएन नेटवर्क का प्रयोग कर सरकारी वेबसाइटों, रक्षा प्रतिष्ठानों और बैंकिंग सिस्टम पर साइबर हमला करते हैं। दुनिया की एक तिहाई आबादी ऑनलाइन शॉपिंग करती है। इस साल ग्लोबल ई-कॉमर्स मार्केट के 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। भारत इस लिस्ट में फिलहाल सातवें नंबर पर है। लेकिन सवाल यह है कि इस डेटा के बीच अगर कुछ संदिग्ध लोग कुछ हजार डॉलर की खरीददारी करते हैं, जिसका इस्तेमाल आगे जाकर किसी आतंकी हमले में होता है, तो उसे चिह्नित कैसे किया जाए? एफएटीएफ ने कुछ दिनों पहले पहलगाम को लेकर कहा था कि इतना बड़ा आतंकी हमला बाहरी आर्थिक मदद के बिना संभव नहीं हो सकता। उसकी हालिया रिपोर्ट इसी बात को और पुष्ट कर देती है। आतंकियों ने अपने काम का तरीका बदल लिया है। वे इंटरनेट की दुनिया की ओट ले रहे हैं, जो ज्यादा खतरनाक है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूहों ने अब पारंपरिक धन स्रोतों के साथ-साथ क्रिप्टोकरेंसी जैसे डिजिटल वित्तीय माध्यमों का भी उपयोग करना शुरू कर दिया है। ये माध्यम उन्हें सरकार की नजरों से बचाते हुए सीमाओं के पार फंडिंग जुटाने की सहूलियत देते हैं। साथ ही, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स, फेक सोशल मीडिया अकाउंट्स, और ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर वे अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। पाकिस्तान एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर भले हो गया हो, लेकिन उसके खिलाफ लगे आरोपों में कोई कमी नहीं आई है। अनेक ग्लोबल इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स और एफएटीएफ ऑब्ज़र्वेशन्स इस बात की पुष्टि करती हैं कि पाकिस्तान में आतंकी गुटों को डिजिटल इकोसिस्टम का खुले तौर पर उपयोग करने दिया जा रहा है, या कभी-कभी सरकार की मौन सहमति से। उदाहरण के रूप में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने बिटकॉइन और अन्य डिजिटल टोकन के जरिए फंड जुटाने की नई तरकीबें अपनाई हैं। कई मामलों में आतंकी फंडिंग के लिए फर्जी चैरिटेबल ट्रस्ट और सामाजिक मीडिया अभियानों का सहारा लिया गया है। 'ग़ज़वा-ए-हिंद' जैसे डिजिटल प्रोपेगेंडा प्लेटफॉर्म्स पाकिस्तानी ज़मीन से संचालित होकर भारत में कट्टरपंथ को बढ़ावा देने में लगे हैं। भारत के विरुद्ध हाइब्रिड वारफेयर और साइबर जिहाद की रणनीति पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों की नीति का हिस्सा बन चुकी है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि दक्षिण एशिया में भारत सबसे अधिक प्रभावित देश है, जहां डिजिटल माध्यम से न केवल फंडिंग, बल्कि ब्रेनवॉशिंग और भर्ती का कार्य भी तेजी से हो रहा है। जम्मू-कश्मीर में सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को आतंकी संगठनों की ओर आकर्षित किया जाता है। उत्तर पूर्व में उग्रवादी संगठनों को डिजिटल भुगतान और चैनलों के माध्यम से सहायता मिलती रही है। एफएटीएफ ने पाकिस्तान समेत उन सभी देशों से अपेक्षा की है कि वे डिजिटल वित्तीय निगरानी तंत्र को मजबूत करें। क्रिप्टो ट्रांजैक्शन पर नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें।

### विचार


एक बुद्धिमान व्यक्ति मूर्खतापूर्ण सवालों से अधिक सीख सकता है जितना कि एक मूर्ख बुद्धिमान उत्तर से सीख सकता है।
● महात्मा गांधी

### चाणक्य



अगर आप दूसरों से सम्मान की अपेक्षा रखते हैं तो ऐसे में आपको दूसरों की भी इज्जत करना आना चाहिए. अगर आप एक ऐसे इंसान हैं जो हमेशा दूसरों की बेइज्जती करता है या फिर दूसरों से गलत तरीके से बात करता है तो उम्मीद रखिये कि सामने वाला भी कभी आपकी इज्जत नहीं करेगा. अगर आप इज्जत पाना चाहते हैं तो आपको भी दूसरों का सम्मान करना आना चाहिए.
● आचार्य चाणक्य

### सुकरात



"जीवन का अन्वेषण करना, सबसे बड़ा साहस है"
अर्थः अपने जीवन के उद्देश्य को समझना और उसे पाने के लिए प्रयास करना साहसिक कार्य है.
● सुकरात के अनुसार

## Business News

### बुलियन मार्केट

## चांदी में 2000 रुपए सोने में 400 रुपए बढ़े

**इंदौर**। स्थानीय सराफा बाजार में सोना एवं चांदी की कीमतों में घटबढ़ बनी होने से सोने की कीमतों में 400 रुपए प्रति 10 ग्राम की तेजी देखी गई वहीं चांदी की कीमत में 2000 रुपए प्रति किलो की और तेजी देखी गई। सोने के साथ चांदी ने भी निवेशकों को इस साल अब तक शानदार रिटर्न दिए हैं। सोमवार को सोने का 98300 रुपए का भाव रहा वही चांदी 112500 का भाव रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 3370 ऊपर में 3374 नीचे में 3353 चांदी 3893 सेण्ट ऊपर में 3913 नीचे में 3819 नकद में केडबरी 98300 एक दिन पूर्व 97900 आरटीजीएस 100700 सोना 22 कैरेट 91900 जीएसटी सहित चांदी नगद 112500 एक दिन पूर्व 110500 आरटीजीएस में 115000 चांदी टंच 112800 रुपए सिक्का 1230 भारतीय रुपया 85.96 के भाव रहे।

**इंदौर सराफा-** सोना केडबरी रवा नकद 98300, आरटीजीएस 100700 रुपए, सोना 22 कैरेट (जीएसटी सहित) 91900 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी नकद 112500, आरटीजीएस 115000 और टंच 112800 रुपए प्रति किलो रही। चांदी का सिक्का 1230 रुपए प्रति नग।

**उज्जैन सराफा-** सोना केडबरी 98400 और रवा 98300 रुपए प्रति दस ग्राम। चांदी पाट 112600, टंच 112500 रुपए प्रति किलो। सिक्का 1200 रुपए प्रति नग बिका।

## किसान बोवनी में व्यस्त मंडियों में आवक कम

**इंदौर**। किसान बुवाई में व्यवस्त है जिसके कारण मंडियों में आवक कम है। प्लांट वाले माल की कमी महसूस कर रहे है। उधर, ब्राजील में सोयाबीन की फसल 169.5 मिलियन टन होगी, जबकि इसके एक महीने पहले का अनुमान 169.60 मिलियन था। अमेरिकी कृषि विभाग ने व्यापार अपेक्षाओं के अनुरूप, 3 जुलाई को समाप्त सप्ताह में अमेरिकी पुरानी फसल सोयाबीन की निर्यात बिक्री 503,000 मीट्रिक टन और साप्ताहिक नई फसल की बिक्री 248,400 टन बताई जा रही है।


**तिलहन-** सरसो निमाड़ी(बारीक) 6400-6600, रायडा 5800 - 6000,सोयाबीन 4200-50, टोली 4400-4600 रु. प्रति क्विंटल।

**कपास्या खली-** (60 किलो भरती) इंदौर 2300, देवास 2300, उज्जैन 2300, खंडवा 2275, बुरहानपुर 2275, अकोला 3175 रुपए।

# जून में थोक महंगाई 0.13 प्रतिशत घटी सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट

**नई दिल्ली**। जून 2025 में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति घटकर 0.13 प्रतिशत पर आ गई। इसकी प्रमुख वजह खाद्य वस्तुओं, खनिज तेलों और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में गिरावट रही। मई 2025 में यह आंकड़ा 0.39 प्रतिशत था, जबकि जून 2024 में थोक मुद्रास्फीति 3.43 प्रतिशत रही थी। उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जून में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 3.75 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जो मई में 1.56 फीसदी थी। खासतौर पर सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली। जून में यह गिरावट 22.65 फीसदी रही, जबकि मई में यह 21.62 फीसदी थी। विनिर्मित उत्पादों के मामले में मुद्रास्फीति मामूली घटकर 1.97 फीसदी रही, जो मई में 2.04 फीसदी थी। वहीं, ईंधन और बिजली की महंगाई दर बढ़कर 2.65 फीसदी हो गई, जो मई में 2.27 फीसदी थी। मंत्रालय ने बताया कि कच्चे पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, धातुओं और अन्य उत्पादों की कीमतों में नरमी के चलते समग्र मुद्रास्फीति में गिरावट आई है। यह संकेत करता है कि उत्पादन लागत में कुछ राहत मिली है, जो आने वाले महीनों में उपभोक्ताओं को भी लाभ पहुंचा सकती है। गौरतलब है कि भारतीय रिजर्व बैंक मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखकर मौद्रिक नीति बनाता है। मुद्रास्फीति में नरमी को देखते हुए आरबीआई ने पिछले महीने नीतिगत ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की, जिससे दर अब 5.50 फीसदी हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, मैन्यूफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स में महंगाई जून में 1.97% रही। मैन्यूफैक्चरिंग का थोक महंगाई दर में 60% से ज्यादा वेटेज है। प्राथमिक वस्तुओं के लिए महंगाई दर जून में घटकर 3.38 फीसदी हो गई, जबकि मई में यह 2.02 फीसदी थी। इस बीच, फ्यूल एंड पावर में महंगाई दर घटकर – 2.65 फीसदी रह गई, जबकि पिछले महीने यह 22.27 फीसदी % थी। भारत की खुदरा महंगाई दर मई 2025 में गिरकर छह साल से अधिक के निचले स्तर 2.82% पर आ गई। यह आंकड़ा अप्रैल से 34 आधार अंकों की गिरावट दर्शाता है और फरवरी 2019 के बाद दर्ज की गई सबसे कम वार्षिक महंगाई दर है।

### प्याज और सब्जियों के दाम घटे



आंकड़ों के मुताबिक, कीमतों में बड़ी गिरावट खाने-पीने की वस्तुओं की कैटेगरी में दर्ज की गई। सब्जियों की महंगाई दर जून में घटकर -22.65% हो गई, जबकि मई में यह -21.62 फीसदी थी। प्याज की महंगाई एक महीने पहले के -14.41 फीसदी से घटकर -33.49 फीसदी हो गई। जबकि, आलू की महंगाई मई में (-)29.42 फीसदी के मुकाबले (-)32.67 फीसदी दर्ज की गई। वहीं, दालों की कीमतें मई के 10.41 फीसदी के मुकाबले जून में (-)22.65 फीसदी रहीं। वहीं, अनाज की महंगाई मई में 2.56 फीसदी थी, जो कि जून में 3.75 फीसदी पर आ गई। देश में खुदरा महंगाई मई 2025 में गिरकर छह साल से ज्यादा के निचले स्तर 2.82% पर आ गई।

# पुरानी कारों की बिक्री चालू वित्त वर्ष में आठ से 10% बढ़ने का अनुमान: क्रिसिल रेटिंग्स

**कोलकाता**। पुरानी कारों की बिक्री में चालू वित्त वर्ष में आठ से 10 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ते डिजिटल उपयोग और बेहतर वित्तीय पहुंच के कारण, चालू वित्त वर्ष में पुरानी कारों की बिक्री लगभग 60 लाख इकाई तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुरानी कारों की तुलना में नई कारों की बिक्री का अनुपात बढ़कर 1.4 हो गया है, जो पांच साल पहले एक से भी कम था।



पुरानी कारों का बाजार मूल्य लगभग चार लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है। इसमें कहा गया है कि इस क्षेत्र में संगठित कंपनियों को नवीनीकरण, लॉजिस्टिक और वित्तपोषण पर उच्च परिचालन लागत का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत राजस्व वृद्धि से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष (2026-27) में परिचालन लाभ के स्तर पर संतुलन कायम होने की उम्मीद है। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि तब तक, कंपनियों की कर्ज साख काफी हद तक समय पर धन जुटाने और वृद्धि को सहारा देने के लिए पर्याप्त नकदी बनाए रखने पर निर्भर करेगी। कोविड महामारी और सेमीकंडक्टर की कमी के दौरान उत्पादन में बाधा के कारण इस क्षेत्र में स्थिर कारोबार देखा गया था। क्षेत्र में अब भी मजबूती बने रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संगठित कंपनियों ने वित्त वर्ष 2018-19 से इक्विटी मार्ग के जरिए सामूहिक रूप से 14,000 करोड़ रुपए जुटाए हैं।

### कॉर्पोरेट समाचार

## साबु ट्रेड के ग्लूटेन-मुक्त उत्पाद छाए : ग्राहकों का बढ़ा भरोसा

**सेलम/इंदौर**। स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के चलते, साबु ट्रेड, सेलम के शुद्ध और ग्लूटेन-मुक्त फरियाली उत्पादों ने भारतीय बाजार में जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है। कंपनी के निदेशक विकास साबु ने बताया कि साबुदाना का पारंपरिक उपयोग व्रत-उपवास और पाचन संतुलन में लंबे समय से होता आ रहा है। कंपनी ने ग्लूटेन-मुक्त फलाहारी उत्पादों की अपनी विस्तृत श्रृंखला में साबूदाना-पापड़, सच्चासाबु फरियाली आटा, और अल्पाहार ब्रांड के तहत शुद्ध हल्दी पाउडर, नारियल बूरा, मखाना, साथ ही कुकरी जाँकी ब्रांड में विभिन्न प्रकार के पोषक मिलेट्स (श्रीधान्य) भी उच्च गुणवत्ता और शुद्धता के साथ बाजार में उतारे हैं। विकास साबु ने कहा कि कंपनी का साबु ट्रेडमार्क रजिस्टर्ड लोगो उपभोक्ताओं के बीच शुद्धता और विश्वास का पर्याय बन चुका है, जो हर पैक में गुणवत्ता की गारंटी देता है। सच्चामोती एगमार्क साबूदाना ही नहीं, साबु ट्रेड के सभी उत्पाद आज पूरे भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी विश्वसनीयता और गुणवत्ता से उपभोक्ताओं का दिल जीत रहे हैं।

## हुंडई की नई कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक एसयूवी पेश करने की तैयारी

**नई दिल्ली**। वैश्विक इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में हुंडई मोटर कंपनी अपने कदम तेजी से बढ़ा रही है। इसी क्रम में कंपनी एक नई कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक एसयूवी को पेश करने की तैयारी कर रही है। अटकलें हैं कि इसे सितंबर में होने वाले म्यूनिख मोटर शो में कॉन्सेप्ट के तौर पर प्रदर्शित किया जा सकता है। यह शो 9 से 14 सितंबर के बीच आयोजित होगा। माना जा रहा है कि यह नया मॉडल हुंडई इंस्टर ईवी से ऊपर और कोना से नीचे पोजिशन किया जाएगा, जो कॉम्पैक्ट सेगमेंट के ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को आयोनिक 2 नाम से लॉन्च किया जा सकता है और यह किआ की ईवी2 के साथ प्लेटफॉर्म साझा कर सकती है। इसे हुंडई के ई-जीएमपी प्लेटफॉर्म के छोटे वर्जन पर तैयार किया जाएगा, जिसमें सिंगल मोटर लेआउट दिए जाने की संभावना है।

## पुराने एसी बदलने पर सस्ती दरों पर मिलेगा नया 5-स्टार एसी

**नई दिल्ली**। ऊर्जा मंत्रालय जल्द ही एक नई योजना शुरू करने जा रहा है, जिसका उद्देश्य 10 साल से पुराने एयर कंडीशनर (एसी) को हटाकर ऊर्जा कुशल 5-स्टार रेटिंग वाले नए एसी को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को बाजार मूल्य से कम दर पर नया एसी खरीदने का अवसर मिलेगा। इससे देश में बिजली की खपत कम होगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। सरकार पुराने एसी के बदले सब्सिडी देने की योजना बना रही है। इसके लिए उपभोक्ता अपने पुराने एसी को अधिकृत ई-वेस्ट मैनेजमेंट पार्टनर या बिजली वितरण कंपनियों के पास जमा कर सकेंगे। बदले में उन्हें नए एसी पर छूट मिलेगी। यह मॉडल उजाला योजना जैसा होगा, जिसमें एलईडी बल्बों की भारी मात्रा में बिक्री की गई थी। एक अन्य प्रस्ताव के तहत कंपनियों को पुराने एसी के बदले उपभोक्ताओं को बेहतर स्क्रैप वैल्यू देने को कहा जाएगा। इसके लिए सरकार कंपनियों को इंसेंटिव भी दे सकती है।

### निवेशकों के लिए 18 पारदर्शी नीतियां लागू की, हमारी नीतियों का भरपूर लाभ उठाएं-मुख्यमंत्री श्री यादव

# मप्र आपको बुला रहा है, बेहिचक निवेश करें

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अब देश का सर्वाधिक प्रगतिशील प्रदेश बन गया है। निवेशकों के लिए हमारी सरकार ने सभी द्वार खोल दिए हैं। हमने मध्यप्रदेश में निवेशकों के लिए 18 प्रकार की पारदर्शी औद्योगिक नीतियां लागू की हैं। हमारी सभी औद्योगिक नीतियां बेहद साफ सुथरी हैं। मध्यप्रदेश में आने वाले निवेशकों को किसी भी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ता। आईए मध्यप्रदेश आपको बुला रहा है, हम पर भरोसा करें, मध्यप्रदेश में निवेश करें, हम भी आपको रिटर्न गिफ्ट देने में कोई कमी नहीं रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को दुबई में प्रवासी भारतीयों के फ्रेंड्स ऑफ एमपी इंटरनेशनल समूह के साथ आत्मीय संवाद कर रहे थे। उन्होंने निवेशकों से कहा कि यदि आप मध्यप्रदेश के लोगों को रोजगार देने वाला कोई बड़ा उद्योग लगाते हैं तो हमारी सरकार अगले 10 साल तक प्रति लेबर 5 हजार रुपए की सहायता राशि भी मुहैया कराएगी। यदि मेडिकल एजुकेशन या मेडिकल कॉलेज जैसा बड़ा कोई निवेश करना चाहते हैं तो, हमारी सरकार आपको मात्र एक रूपए में जमीन देगी। उन्होंने कहा कि सरकार हर कदम पर निवेशकों के साथ है। मध्यप्रदेश को अपना दूसरा घर बनाइये और यहां निवेश जरूर कीजिए।

**परस्पर स्नेह**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि दुबई मध्यप्रदेश के लोगों के लिए एक तरह से दूसरी मां के समान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। राज्य सरकार ने उद्योग केंद्रित पारदर्शी नीतियां लागू की हैं। उद्योगपतियों को निवेश करने और इंडस्ट्री शुरू करने के लिए सिंगल विंडो फैसिलिटी प्रदान की जा रही है। उद्योगपतियों को बिजली के बिलों में छूट दी जा रही है। प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और जीआईएस के माध्यम से लगभग 30 लाख करोड़ रूपये का निवेश मिला है। मध्यप्रदेश निवेशकों को आमंत्रित कर रहा है आप लोग आइए और सभी क्षेत्रों में उद्योग स्थापित कर प्रगति करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि व्यापारी अपनी युक्ति बुद्धि से उद्यमशीलता को बढ़ाते हैं। प्रदेश के पन्ना में हीरा मिलता है। मध्यप्रदेश के हीरे दुबई में भी मिल रहे हैं।



**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय लोग दूध में शक्कर की तरह घुल मिल जाते हैं, जो दुनियाभर में मिठास घोल रहे हैं। दुबई में निर्मित स्वामीनारायण मंदिर में सभी संप्रदायों की झलक नजर आती है। भारतीय संस्कृति में सभी का सम्मान है, जो विश्व कल्याण की भावना से ओतप्रोत है। कोविड काल में दूसरे देशों को मेडीसिन भेजकर भारत ने वसुधैब कुटुंबकम की भावना को चरितार्थ किया है। यूएई में रहने वाले मध्यप्रदेश के प्रवासी आज कई लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे हैं।

### हमेशा मानव सेवा को सर्वोपरि

श्री जितेंद्र वैद्य ने बाबा महाकाल के उद्घोष के साथ संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव सामान्य परिवार से आते हैं, जिन्होंने हमेशा मानव सेवा को सर्वोपरि रखा। अपने छात्र जीवन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कई जनहितैषी आंदोलनों में हिस्सा लिया। छात्र जीवन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉलेज के सीनियर्स का सम्मान करते हुए उनके लिए छात्र संघ चुनाव में दावेदारी छोड़ दी थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यकाल में प्रदेश के धार्मिक पर्यटन में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है। अब उज्जैन में सिंहस्थ महाकुंभ आने वाला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में विकास की नई इबारत लिख दी है। प्रदेश के हर वर्ग को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। ज्यदूत श्री सतीश सिवान ने कहा कि यूएई में 44 लाख प्रवासी भारतीय निवास करते हैं। मध्य प्रदेश न केवल भारत का हृदय प्रदेश है, बल्कि यह यूएई में रहने वाले प्रवासी भारतीय समुदाय के लिए भी हार्ट के समान है। अपर मुख्य सचिव, नगरीय प्रशासन एवं आवास संजय दुबे ने कहा कि दुबई में हुए आत्मीय स्वागत से हम अभिभूत हैं।

## शॉट न्यूज

### तलवार से पत्नी की जांघ आर-पार की

**ग्वालियर।** शहर में सोमवार सुबह करीब नौ बजे एक सिरफिरे युवक ने सरेराह अपनी पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। उसने पहले पत्नी को पीटा और फिर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। इससे महिला लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गई। इसके बाद आरोपी ने क्रूरता की हद पार करते हुए तलवार से उसकी जांघ में आर-पार वार कर दिया, जिससे वह मौके पर ही तड़पने लगी। महिला फिलहाल अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। घटना रोशनी घर रोड स्थित हैलीपेड कॉलोनी के गेट की है। झांसी रोड थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब एक घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि चरित्र संदेह के चलते वह पत्नी को मारने की नीयत से आया था। सिकंदर कंपू निवासी अमित जाधव और गोल पहाड़िया निवासी सपना मराठा की शादी करीब पांच साल पहले हुई थी।

### नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र के ग्राम औरिया में शुक्रवार को एक नवविवाहिता की मौत हो गई। ससुराल पक्ष ने मायके वालों को जानकारी दिए बिना ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया। देर शाम जब मायके पक्ष को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने थाने पहुंचकर मौत को संदिग्ध बताया। पुलिस ने श्मशान घाट जाकर चिता की राख और अस्थि अवशेष जब्त कर जांच शुरू कर दी है। कटंगी बायपास स्थित ग्राम औरिया निवासी कान्हा सेन की शादी जनवरी 2022 में बरेला के सालीवाड़ा निवासी दुर्गेश नंदनी से हुई थी। दुर्गेश छह माह की गर्भवती थी और स्वास्थ्य समस्या के चलते मेडिकल अस्पताल में भर्ती थी। शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद ससुराल पक्ष शव को गांव ले गया और दोपहर में अंतिम संस्कार कर दिया। शाम को जब मायके पक्ष को दुर्गेश की मौत की जानकारी मिली तो वे ससुराल पहुंचे। इसके बाद रात में माढ़ोताल थाने जाकर घटना को संदिग्ध बताते हुए जांच की मांग की। थानेदार नीलेश दोहरे ने तुरंत गंभीरता दिखाते हुए पुलिस टीम को श्मशान घाट भेजा, लेकिन तब तक चिता लगभग जल चुकी थी।

### रज्जाक के घर से पिस्टल, कारतूस और संदिग्ध दस्तावेज बरामद

जबलपुर। सिवनी जिले के पेंच से गिरफ्तार किए गए रज्जाक पहलवान गैंग के चार सदस्यों की निशानदेही पर ओमती पुलिस ने नया मोहल्ला रिपटा स्थित रज्जाक के घर में छापा मारा। इस दौरान सरफराज और अजहर के कमरे से दो पिस्टल और तीन कारतूस बरामद किए गए। साथ ही पुलिस को घर से कई संपत्तियों और संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े अभिलेख भी मिले हैं।पुलिस ने दो दिन पहले रज्जाक के पुत्र सरफराज, भाई महमूद, भतीजे अजहर और गुर्गे सज्जाद को गिरफ्तार किया था। शनिवार को चारों आरोपितों को लेकर पुलिस रज्जाक के घर पहुंची, जहां ताला लगा मिला।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मोहम्मद यामाहि को दिया मध्यप्रदेश आने का न्यौता

### द्विपक्षीय साझेदारियों में मध्यप्रदेश के महत्वपूर्ण भागीदार बनने की जताई आशा

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को दुबई में अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अल यामाहि से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश की उद्योग हितैषी, सरल एवं सुगम नीतियों और निवेश को प्रोत्साहन देने वाली सुविधाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने अल यामाहि को प्रदेश में आयोजित होने वाली एनर्जी समिट में शामिल होने के लिए आमंत्रण भी दिया। संयुक्त अरब अमीरात के साथ बढ़ते रणनीतिक संबंधों के संदर्भ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की सक्रिय और रचनात्मक भूमिका का उल्लेख करते हुए ऊर्जा, खनिज, लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण और हरित निवेश के क्षेत्र में सहयोग की मंशा दोहराई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों की सराहना करते हुए आशा जताई कि

**निवेश**



प्रदेश इन द्विपक्षीय साझेदारियों में सक्रिय और महत्वपूर्ण भागीदार बनेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अल यामाहि का अभिनंदन किया और हाल ही में अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि अरब के 22 खाड़ी देशों की लोकतांत्रिक संस्था का नेतृत्व करना बड़ी उपलब्धि है और नए अध्यक्ष के नेतृत्व में यह संस्था निश्चित रूप से नई ऊंचाइयों को छुएगी।


अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अल यामाहि और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मुलाकात मैत्रीपूर्ण रही। उन्होंने भारत, विशेष रुप से मध्यप्रदेश के साथ दीर्घकालिक संबंधों को लेकर अपनी गहरी रुचि और प्रतिबद्धता व्यक्त की। श्री यामाहि ने कहा कि वे मध्यप्रदेश को निवेश के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे एवं अरब के 22 देशों में मध्यप्रदेश की मदद करेंगे। उन्होंने राज्य के साथ व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने की इच्छा भी जताई।

श्री यामाहि ने यूएई में बसे प्रवासी भारतीयों द्वारा देश के निर्माण में सहयोग के बारे में चर्चा की और उनके योगदान को सम्मानपूर्वक रेखांकित किया। इस विशेष मुलाकात के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आत्मीयता से "उम्म-ए-अली" कहकर संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आत्मीय संबोधन से अभिभूत हुए। उन्होंने डॉ. यादव और उनके परिवार को व्यक्तिगत रुप से अपने घर आमंत्रित भी किया। उन्होंने दोनों देशों के लोगों और उत्पादों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सहमति दी, जिससे मध्यप्रदेश और यूएई के बीच द्विपक्षीय सहयोग को नई दिशा मिलेगी।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री मोहम्मद अल यामाहि को बताया कि मध्यप्रदेश भारत का हृदय है, इसकी जनसंख्या 8 करोड़ से अधिक है।

### सांक नदी में छोड़ा जाएगा पानी

## तिघरा बांध का जल स्तर फुल टैंक लेवल पर पहुंचा



**संवाददाता ● ग्वालियर**

क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण नदी नाले उफान पर हैं। ऐसे में तिघरा बांध का जल स्तर बढ़ता जा रहा है। तिघरा बांध के जल संग्रहण क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण बांध की जल धारण क्षमता तक पानी भर गया है। ऐसे में बांध का गेट खोलकर अत्याधिक जल को सांक नदी में छोड़ा जाएगा।

बता दें कि बांध प्रबंधन विभाग की ओर से लगातार जल स्तर पर निगरानी रखी जा रही थी। लगातार बारिश के कारण जल स्तर फुल टैंक लेवल पर पहुंचा। जिसके बाद रविवार को कभी बांध के दरवाजे खोले जा सकते हैं। सारा पानी सांक नदी में छोड़ा जाएगा।इसे देखते हुए सांक नदी के किनारे बसे हुए गांव के लोगों को सतर्क रहने और नदी किनारे न जाने हेतु सूचित गया है। ग्वालियर क्षे में लगातार हो रही बारिश का असर शहर की नालियों पर साफ दिखाई दे रहा है। ग्वालियर स्मार्ट सिटी की फेहरिस्त में तो शामिल है, लेकिन मूलभूत ढांचे में सबसे अहम ड्रेनेज व्यवस्था की हालत बेहद चिंताजनक है। शहर में वर्षा होते ही हालात बिगड़ जाते हैं और इसका सबसे बड़ा कारण ड्रेनेज सिस्टम का खत्म (डेड) हो जाना है।

## पहले पड़ोसी ने छेड़ा फिर सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड किए, लड़की ने की खुदकुशी

**संवाददाता ● ग्वालियर**

पुरानी छावनी स्थित गंगा मालनपुर गांव में रहने वाली 22 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती के पड़ोस में ही रहने वाला मनीष कुशवाह उसे परेशान कर रहा था। उसने छात्रा से दोस्ती कर मोबाइल में फोटो खींच लिए थे। जब छात्रा ने बात करना बंद कर दी तो यह फोटो इंटरनेट मीडिया पर डालने की धमकी देकर प्रताड़ित करने लगा। जब युवती ने धमकी के बाद भी उससे बात नहीं की तो उसने इंटरनेट मीडिया पर फोटो अपलोड कर दिए। इसी से आहत होकर युवती ने शनिवार शाम को फांसी लगा ली। रविवार को उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस पूरे मामले में पुरानी छावनी पुलिस की घोर लापरवाही सामने आई है। स्वजनों का कहना है कि 2 जुलाई को मनीष कुशवाह से प्रताड़ित होकर पीड़िता व उसकी मां शिकायत करने थाने गए थे। लेकिन पुलिस ने एफआइआर कर आरोपित को जेल भेजने की जगह राजीनामा करा दिया। इसके बाद उसके हौसले और बुलंद हो गए। युवती को मनीष कुशवाह करीब छह माह से परेशान कर रहा था। पहले उसने छात्रा से दोस्ती कर ली थी। छात्रा के साथ उसने अपने मोबाइल में फोटो खींच लिए। जब युवती ने उससे बात करना बंद कर दी तो उसने परेशान करना शुरू कर दिया।

**खुदकुशी**

2 जुलाई को उसने छात्रा को रास्ते में रोककर छेड़छाड़ की थी। तब पीड़िता अपनी मां के साथ थाने पहुंच गई। पुलिस ने मनीष कुशवाह को भी बुला लिया था, लेकिन कोई कार्रवाई करने की बजाय पुलिस ने राजीनामा कराकर मामला चलता कर दिया। इसके बाद फिर से मनीष उसे परेशान करने लगा। इसी के बाद उसने फोटो भी सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिए।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को दुबई में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर के प्रधान ब्रह्म बिहारी स्वामी का अभिनन्दन किया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बीएपीएस हिन्दू मंदिर में किये दर्शन

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को दुबई प्रवास के दौरान बीएपीएस हिन्दू मंदिर में दर्शन किये। इस दौरान मंदिर के प्रमुख महंत पूज्य ब्रह्विहारी स्वामी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया और मंदिर की विशेषताओं से अवगत कराया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के अधिकारियों की टीम भी उपस्थित रही। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 14 फरवरी 2024 को बीएपीएस हिन्दू मंदिर का उद्घाटन किया था। बीएपीएस हिंदू मंदिर मिडिल ईस्ट का पहला पारंपरिक हिंदू मंदिर है। यह भारत और यूएई के बीच मित्रता का प्रमाण है, जो सांस्कृतिक समावेशिता, अंतर-धार्मिक सद्भाव और सामुदायिक सहयोग की भावना को दर्शाता है। यह मंदिर अबू मुरेइखा क्षेत्र में 27 एकड़ भूमि पर स्थित है और पारंपरिक भारतीय वास्तुकला के अनुसार बिना लोहे या स्टील के निर्मित किया गया है। इसमें भारत और अन्य देशों से लाए गए पत्थरों और संगमरमर का उपयोग



### क्षतिपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायें - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## बाढ़ से प्रभावित व्यक्तियों को संवेदनशीलता के साथ

**संवाददाता ● भोपाल**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा शहर सहित हुजूर अनुभाग के बाढ़ से प्रभावित व्यक्तियों को संवेदनशीलता के साथ उदार भाव से क्षतिपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उन्होंने राहत राशि के साथ ही अतिरिक्त खाद्यान्न प्रभावितों को उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सर्किट हाउस रीवा में जल भराव से प्रभावित व्यक्तियों के सर्वे के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली तथा राहत कार्यों के विषय में जानकारी ली।

**उदार भाव**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गत दिवस रीवा शहर के कई वार्डों में जल भराव की स्थिति निर्मित हो गयी थी। उन्होंने स्वयं भी नया तालाब, खैरी आदि मोहल्लों में जाकर जल भराव का जायजा लिया था और पीड़ितों से मुलाकात भी की थी। उन्होंने प्रभावितों को क्षतिपूर्ति की शीघ्र व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वर्ष 2016 में रीवा में




आयी बाढ़ के बाद सर्वे कर बाढ़ को रोकने के उपायों के सुझाव दिये गये थे। उस रिपोर्ट का अध्ययन कर सुझाये गये बिन्दुओं का भी परीक्षण करें। उन्होंने कहा कि करहिया में मूर्ति विसर्जन घाट से आगे नदी की चौड़ाई को बढ़ाने के लिए सर्वे करें साथ ही उन्नत पुलों के बन जाने के बाद पूर्व के पुलों के ढांचे व पिलर आदि को भी हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उप मुख्यमंत्री ने गत दिवस जल भराव से उत्पन्न स्थिति में प्रशासन की सक्रियता की प्रशंसा भी की। बैठक में बताया गया कि रीवा शहर के 6 वार्डों के 234 बाढ़ प्रभावितों के प्रकरण सर्वे के उपरांत बनाये गये हैं। इसी प्रकार हुजूर अनुभाग के 410 व्यक्ति बाढ़ से प्रभावित रहें हैं।कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जल भराव के कारण प्रभावितों को शीघ्र ही राहत राशि व खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जायेगी। आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिन स्थानों में नालों में अतिक्रमण के कारण जल भराव की स्थिति निर्मित हुई उन्हें शीघ्र ही हटाया जायेगा।

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025
www.adityabharat.com



# सोनम का बर्थडे पार्ट में सारी लाइमलाइट चुरा ले गई करीना

## जाह्नवी से भी नजरें हटा पाना मुश्किल



बी- टाउन की फैशनिस्टा सोनम कपूर के बर्थडे की शाम हसीन करने के लिए कई सेलिब्रिटीज उनके बंगले में पहुंचे। सोनम के कजिंस से लेकर उनकी बेस्टी तक ने उनके जन्मदिन को और भी शानदार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस दौरान 44 साल की करीना कपूर ने अपने लुक से फैंस का दिल चुरा लिया। सोनम कपूर 9 जून को 40 साल की हो गईं। जन्मदिन से पहले की शाम उन्होंने अपने पिता अनिल कपूर के बंगले पर एक शानदार बर्थडे पार्टी होस्ट की। इस सेलिब्रेशन में बॉलीवुड के तमाम सेलिब्रिटीज पहुंचे थे। हीरोइनों ने ग्लैमरस लुक में बर्थडे गर्ल सोनम को भी टक्कर दे डाली, खासकर करीना और जाह्नवी कपूर ने। सोनम कपूर की बर्थडे पार्टी में करीना कपूर खान अपनी बहन करिश्मा कपूर और पति सैफ अली खान के साथ पहुंचीं। सैफ व्हाइट शर्ट में हैंडसम लग रहे थे, वहीं करीना ने येलो आउटफिट में अपना ग्लैमर लुक फ्लॉन्ट किया। करीना कपूर ने एक स्लिट येलो कलर का गाउन पहना था जिसे उन्होंने ईयररिंग्स से स्टाइल किया था। आंखों में काजल, खुले बाल और मिनिमल मेकअप में करीना बहुत खूबसूरत लग रही थीं। वहीं, करिश्मा ने फ्लोरल गाउन पहना था और स्मोकी आईज-पिंक लिप शेड से अपने लुक को चार्मिंग बनाया था। जाह्नवी कपूर हमेशा से ही फैशन के मामले में अपनी चचेरी बहन सोनम कपूर के नक्शेकदम पर चली हैं। ऐसे में उनकी बर्थडे पार्टी में वह ग्लैमरस कैसे न लगें। उन्होंने पार्टी में ब्लू कलर की साटिन ड्रेस पहनी थी जिसमें वह देखते ही बन रही थीं। सोनम की बर्थडे पार्टी में खुशी कपूर भी पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने ब्लैक और व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी थीं। वहीं, खुशी की कजिन और अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर ने लाइट ब्लू कलर की ड्रेस में सिंपल लुक फ्लॉन्ट किया था।



# खुद घुस जाओ अंदर...

## अवनीत के ब्रेस्ट पर फोकस करने पर सुयश राय ने लगाई पैप्स को लताड़

अवनीत कौर इन दिनों अपने हॉट और बोल्ड अवतार के लिए सुर्खियों में बनी हुई हैं। जब से गलत एल्गोरिदम के चक्कर में विराट कोहली ने उनकी फोटो लाइफ की थी इसके बाद तो एक्ट्रेस और भी ज्यादा हाइलाइट हो गई हैं। बीते दिनों एक्ट्रेस ऑरेंज कलर की बॉडीकान ड्रेस में एक अवॉर्ड फंक्शन में पहुंची थीं जहां रेड कार्पेट पर वो पैप्स के कैमरे में कैद हुईं। इस दौरान उनके बोल्ड अवतार और अदाओं को देखकर फैंस के होश उड़ गए। अवनीत ने ऑरेंज कलर की डीप नेक थाई हाई स्लिट ड्रेस पहनी थी। हालांकि इस बीच पैप्स की एक हरकत सेलेब्स को पसंद नहीं आई। अवनीत के चेस्ट पर उन्होंने बहुत ही ज्यादा जूम इन कर दिया था जोकि बहुत ही अजीब लग रहा था। इस पर टीवी एक्टर सुयश राय ने सवाल उठाए हैं। इस वीडियो पर नेटिजन्स ने भी रिएक्ट किया और इस जबरदस्ती के जूम इन को फिजूल बताया। इस पर रिएक्टर करते हुए अभिनेता सुयश राय ने लिखा- क्यों जूम किया? खुद घुस जाओ अंदर? हां, वो सुंदर लग रही है लेकिन आप लोग मीडिया के तौर पर क्या कर रहे थे। तमीज, बेसिक्स कहां गई। ऐसा तो हो नहीं सकता कि आपके घर की महिला इन सबसे खुश होगी। ये बहुत ही दुखद है। एक दूसरे यूजर ने लिखा- जो इस तरह से जूम करे इस तरह के कैमरामैन को कुछ बेल्ट ट्रीटमेंट देना चाहिए। इतना जूम क्यों करते हो? कोई शर्म भी नहीं है तुम लोगों को। इस वीडियो पर अवनीत ने अभी तक रिएक्ट नही किया है। बीते दिनों 23 वर्षीय अभिनेत्री टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली के एक 'लाइक' की वजह से काफी चर्चा में थीं। नेटिजन्स ने फोटो को लाइक करने के लिए क्रिकेटर की बहुत खिंचाई की थी जिसके बाद उन्हें सफाई तक देनी पड़ी। इसके बाद से अवनीत के फॉलोवर्स अचानक से 2 मिलयन बढ़ गए थे।

# रणबीर और आलिया के सपनों का घर हुआ बनकर तैयार

## मगर फैंस को खल गई एक कमी



अभिनेता रणबीर कपूर और आलिया भट्ट का मुंबई के बांद्रा में नया बंगला पिछले साल अक्टूबर से बनकर तैयार है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि अब इसकी फिनिशिंग लगभग पूरी हो चुकी है। पिछले साल की तुलना में, घर में पहले से कहीं ज़्यादा खूबसूरती है। हर मंजिल पर अलग से हरियाली लगाई गई है। इंटरनेट पर रणबीर कपूर के घर का फाइनल लुक वायरल हो रहा है लेकिन सेलेब्स को इसमें एक कमी लग रही है। घर की एक अहम चीज अभी भी गायब है। एक पैपराजी पेज ने इंस्टाग्राम पर रणबीर और आलिया के नए घर का वीडियो पोस्ट किया है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा,'एक सपनों के घर में नई शुरुआत! आलिया और रणबीर का लव नेस्ट आखिरकार बनकर तैयार हो गया है।' पिछले साल के वीडियो की तुलना में, घर थोड़ा और कम्पलीट लग रहा है,फिनिशिंग भी हो गई है और हरियाली के साथ-साथ परिवार की प्राइवेसी के लिए बाड़ भी लगाया गया है। घर पिछली बार की तुलना में ज़्यादा चमकीला भी लग रहा है, सिवाय सामने के गेट के जिसे अभी लगाया जाना है। लोगों को यह बात बहुत मजेदार लगी कि घर आखिरकार बनकर तैयार हो गया, लेकिन गेट अभी तक नहीं लगा है। इस पर कई लोग फनी कमेंट्स भी कर रहे हैं। एक यूजर ने टिप्पणी की, "इतना खर्चा हो गया कि नया गेट बनाने के पैसे ही नए बचे।" एक अन्य ने मजाक में कहा, "गेट इतना सस्ता क्यों बनाया है? दरअसल गेट पर फ्लैटबोर्ड लगा हुआ है। एक ने तो यहां तक लिखा, "रणबीर कह रहे हैं कि मैं मेन गेट नहीं बनवाऊंगा।' रणबीर और आलिया का घर पिछले कुछ सालों से बन रहा है। इस जोड़े को अक्सर अपनी बेटी राहा कपूर या रणबीर की मां नीतू कपूर के साथ कंस्ट्रक्शन साइट पर जाते हुए देखा गया है। अभी ये कपल पाली हिल में रहते हैं।



# सोनाक्षी का वायरल में हुआ बुरा

## पति जहीर इकबाल ने उड़ाया मजाक, तौलिए से ढका मुंह

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल इंडस्ट्री के सबसे पसंदीदा सेलिब्रिटी कपल में से एक हैं। वे अक्सर अपनी पर्सनल औ प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी मजेदार झलकियां फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। अभिनेत्री के पति ज़हीर इकबाल ने सोनाक्षी का एक मजेदार वीडियो पोस्ट किया है जिसमें एक्ट्रेस को वायरल फीवर हुआ है और वो स्टीम लेती नजर आ रही हैं। जहीर बहुत फनी तरीके से सोनाक्षी के लिए गाना गा रहे हैं और उनका मजाक भी उड़ाते हैं। जहीर ने इस प्यारे से वीडियो को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसमें अभिनेत्री अपने सिर पर एक तौलिया रखकर भाप लेती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि पति जहीर उन्हें रिकॉर्ड कर रहें हैं और गाना गा रहे हैं 'घूंघटे में चंदा है फिर भी है फैला चारों ओर उजाला, होश न खो दे कहीं जोर से खासने वाला।' तौलिए से अपना चेहरा ढकने वाली अभिनेत्री की तुलना उनके पति इकबाल ने चांद से की। इकबाल इस समय सोनाक्षी का भरपूर ख्याल रख रहे हैं। उसी क्लिप में बाद में वो सोनाक्षी पर खूब प्यार बरसाते हुए उनका माथा चूम लेते हैं। वीडियो पर उन्होंने एक फनी कैप्शन भी दिया है। जहीर ने लिखा- ये लड़की वायरल होने वाली है। आर राजकुमार अभिनेत्री ने स्टेटस के साथ खुशी से उछलने वाला इमोटिकॉन भी पोस्ट किया। वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अश्विनी अय्यर तिवारी द्वारा निर्देशित आगामी लीगल ड्रामा में एक वकील की भूमिका के लिए तैयारी कर रही हैं।

# अभी भी कम नहीं हो रहा दिलजीत दोसांझ का पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के लिए प्यार?



पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ ने शाम को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी अपकमिंग पंजाबी फिल्म सरदार जी 3 के सेट से कुछ बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं। इन फोटोज में पंजाबी एक्ट्रेस नीरू बाजवा और कई अन्य लोग नजर आए। हालांकि फैंस ने बैकग्राउंड में पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर को स्पॉट कर लिया। हालांकि दिलजीत ने उन्हें सीधे अपने बीटीएस झलकियों में शामिल नहीं किया। यह उन शुरुआती रिपोर्टों के बीच आया है जिनमें कहा गया था। पहली तस्वीर में फैंस ने नोटिस किया कि हानिया नीरू के पीछे खड़ी हैं, उनके केवल छोटे बाल और आंखें दिखाई दे रही हैं। कई लोगों ने यह भी दावा किया कि दिलजीत एक अन्य तस्वीर में हानिया के साथ पोज़ दे रहे थे, जिसमें कथित तौर पर हानिया ने काली साड़ी पहनी हुई है। सिंगर ने उन्हें अपने पास पकड़ा हुआ है। कुछ लोगों ने तो यह भी अनुमान लगाया कि उनका चेहरा दिलजीत की काली टी-शर्ट पर दिखाई दे रहा है। हालांकि, हानिया आमिर के सरदार जी 3 में शामिल होने के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। तस्वीरें शेयर करते हुए दिलजीत ने लिखा, 'जग्गी खूबसूरत चुडेल्स के साथ। सरदार जी 3, 27 जून को रिलीज हो रही है। टीजर जल्द ही आ रहा है।' फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी। फिल्म एक अनोखे डिटेक्टिव की कहानी है, जो एक रहस्यमयी और असामान्य केस को सुलझाने की कोशिश करता है। यह हंसी, सस्पेंस और मजेदार किरदारों से भरी एक फैमिली एंटरटेनर है। दिलजीत दोसांझ टाइटल रोल में है। इसके अलावा मूवी में उनके साथ डायना पेंटी, बोमन ईरानी, चंकी पांडे, रत्ना पाठक शाह, बनिता संधू और सुमीत व्यास जैसे शानदार सितारे नजर आएंगे।

## 'लाल सिंह चड्ढा' के बाद आमिर को ऑफर हुई थीं एक्शन फिल्में



सुपरस्टार आमिर खान अपनी फिल्मों में परफेक्शन के लिए जाने जाते हैं। मगर उनकी पिछली फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। वो उनके करियर की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म साबित हुई थी। आमिर इस वजह से काफी निराश हो गए थे और एक्टिंग छोड़ने का फैसला भी कर चुके थे। लेकिन तभी उनके पास 'सितारे जमीन पर' आई, जिसकी कहानी वो बहुत जल्द लेकर आ रहे हैं। आमिर करीब 3 सालों बाद बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। वो इस दौरान फिल्में प्रोड्यूस कर रहे थे। मगर साथ ही 'सितारे जमीन पर' फिल्म में काम भी कर रहे थे। हाल ही में सुपरस्टार ने बताया कि उन्हें 'लाल सिंह चड्ढा' की फ्लॉप के बाद, कई सारी एक्शन फिल्मों के ऑफर आए थे। लेकिन उन्होंने उन सभी के अलावा 'सितारे जमीन पर' फिल्म को चुनना पसंद किया क्योंकि इसकी कहानी उनके दिमाग में छप चुकी थी। 'स्क्रीन' संग बातचीत में जब आमिर से पूछा गया कि क्या उन्हें आज के समय अनुसार 'सितारे जमीन पर' की कलेक्शन को लेकर चिंता है।

# किंगफिशर विला में होती थीं विजय माल्या की ग्रैंड पार्टीज

## अब है बॉलीवुड के स्टार कपल का आशियाना, जीते हैं ऐसी लाइफ



कभी भारत के 'गुड टाइम किंग' (अच्छे समय का राजा) कहे जाने वाले विजय माल्या, एक समय व्यापार जगत के सबसे चर्चित नामों में शुमार थे। यूनाइटेड ब्रुअरीज और किंगफिशर ब्रांड के प्रमुख चेहरे के रूप में उन्होंने न केवल शराब उद्योग में बल्कि खेल और एयरलाइंस जैसे विविध क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बनाई। साल 2008 में उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RCB) की स्थापना की। हाल ही में जब RCB ने पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती तो विजय माल्या ने सोशल मीडिया पर टीम को बधाई दी और उनके समर्पण की सराहना करते हुए फिर से चर्चा में आ गए। हालांकि विजय माल्या की कहानी केवल व्यापारिक सफलता की नहीं है, बल्कि विवादों, कानूनी लड़ाइयों और अंत में पतन की भी है। विजय माल्या के स्वामित्व वाली किंगफिशर एयरलाइंस जब घाटे में गई तो उन पर कई बैंकों से लिए गए कर्ज की चुकौती में विफल रहने का आरोप लगा। IDBI बैंक समेत विभिन्न बैंकों से लिए गए लगभग 900 करोड़ रुपये के कर्ज की वसूली के लिए जब कार्रवाई शुरू हुई तो साल 2016 में माल्या भारत छोड़कर यूनाइटेड किंगडम चले गए। इसके बाद भारतीय स्टेट बैंक के नेतृत्व में बैंकों के एक समूह ने उनकी कई प्रॉपर्टी को जब्त करना शुरू किया, जिनमें गोवा स्थित उनका प्रसिद्ध किंगफिशर विला भी शामिल था। यह विला न केवल एक आलीशान आवास था, बल्कि पार्टी कल्टर और लग्जरी लाइफस्टाइल का सिंबल भी था। 12350 वर्ग फीट में फैली इस संपत्ति को 2017 में नीलामी के जरिए बेचा गया, जिससे माल्या की कहानी का एक और अध्याय समाप्त हुआ, लेकिन इस बार बॉलीवुड के रास्ते यह विला एक नई लाइफस्टाइल को अनुभव करने लगा। इस संपत्ति को खरीदा अभिनेता और व्यवसायी सचिन जोशी ने जिन्होंने अपनी अभिनेत्री पत्नी उर्वशी शर्मा के साथ मिलकर इसे 73.01 करोड़ रुपये में खरीदा था।

# 50 की उम्र में भी कुंवारी है अमीषा

## शादीशुदा डायरेक्टर के प्यार में बर्बाद हुआ करियर, सालों तक...



बॉलीवुड में ऐसे कलाकारों की कमी नहीं है, जिन्होंने प्यार में धोखा खाया हो या फिर जिनका दिल टूटा हो। इनमें से कई कलाकार तो दिल टूटने के बाद अपनी जिंदगी में किसी और पार्टनर के साथ आगे बढ़ गए, लेकिन कई अब तक सिंगल हैं। आज ऐसी ही एक बॉलीवुड अदाकारा का जन्मदिन है, जिसने दिल टूटने के बाद अपने दिल के दरवाजे 12-13 साल के लिए बंद कर दिए और अब तक ये सिंगल ही हैं। हम बात कर रहे हैं अमीषा पटेल की, जो आज अपना 50वां जन्मदिन मना रही हैं। अमीषा पटेल ने एक ब्लॉकबस्टर फिल्म से अपना करियर शुरू किया था और अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहीं। आईये अभिनेत्री के जन्मदिन पर उनकी लव लाइफ पर एक नजर डालते हैं।

अमीषा पटेल पिछले दिनों बिजनेसमैन निर्वाण बिरला के साथ अपने कथित रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियों में थीं। उन्होंने निर्वाण के साथ अपनी कोजी तस्वीरें भी शेयर की थीं। हालांकि, एक समय था जब अमीषा एक शादीशुदा डायरेक्टर से दिल लगा बैठी थीं। हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड के जाने-माने डायरेक्टर विक्रम भट्ट की, जिनसे प्यार करके अमीषा अपना अच्छा-खासा करियर बर्बाद कर बैठीं। अमीषा पटेल शादीशुदा डायरेक्टर विक्रम भट्ट से प्यार कर बैठी थीं, लेकिन कुछ ही सालों में इनका रिश्ता टूट गया। इस रिश्ते के चलते उनके परिवार से भी उनका रिश्ता काफी प्रभावित हुआ, लेकिन विक्रम भट्ट के लिए अमीषा ने सब दांव पर लगा दिया। अमीषा पटेल ने एक इंटरव्यू में कहा था कि विक्रम भट्ट से अपने रिश्ते के चलते उनका करियर बर्बाद हो गया था। एक्ट्रेस ने कहा था कि इस रिश्ते के चलते वह एक दशक से ज्यादा समय तक आदमियों से दूर रहीं।

अमीषा पटेल बॉलीवुड हंगामा के साथ बातचीत में विक्रम भट्ट से अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की थी और कहा था- 'ये ऐसी इंडस्ट्री है, जहां ईमानदारी का स्वागत नहीं किया जाता। और मैं उन लोगों में से हूं, जो बहुत ईमानदार हैं। मैं उनमें से हूं, जो अपने दिल की बात खुलकर कहने पर यकीन करती है। मुझे लगता है कि ये मेरे अंदर की सबसे बड़ी कमी रही है। मैंने दो रिश्तों को पब्लिकली एक्सेप्ट किया था। और इन दोनों रिश्तों ने मेरे करियर को प्रभावित किया। फिर मैंने 12-13 साल तक अपनी जिंदगी में किसी मर्द को जगह नहीं दी। उस वक्त मैं अपनी जिंदगी में सिर्फ और सिर्फ सुकून चाहती थी।'

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमीषा पटेल के पेरेंट्स को जब विक्रम भट्ट से उनके अफेयर का पता चला तो वह काफी नाराज हो गए थे। एक्ट्रेस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात का जिक्र करते हुए कहा था कि जब उनकी मां को इसके बारे में पता चला तो उन्होंने चप्पलों से उनकी पिटाई कर दी थी। अमीषा ने कहा था- 'मेरी मां ने एक बार मेरी चप्पल से पिटाई की थी। उन्हें मेरे रिलेशनशिप का पता चल गया था। उन्होंने मुझे घर से तक निकाल दिया था।'

# 3 मैचों में 607 रन शुभमन गिल बने नंबर 1



## तोड़ दिया राहुल द्रविड़ का इंग्लैंड में बनाया यह 23 साल पुराना महारिकॉर्ड

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के नए कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले दो मैचों में तो जमकर गरजे, लेकिन तीसरे टेस्ट मैच में यानी लॉर्ड्स में उनके बल्ले की धार कुंद पड़ गई। गिल ने इस टेस्ट की पहली पारी में 16 रन बनाए तो वहीं दूसरी पारी में वो 6 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि दूसरी पारी में 6 रन बनाने के साथ ही उन्होंने राहुल द्रविड़ का 23 साल पुराना कीर्तिमान ध्वस्त कर दिया। शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले 3 टेस्ट मैचों में 607 रन बना चुके हैं और अब वो इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले स्थान पर पहुंच चुके हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड राहुल द्रविड़ के नाम पर दर्ज था जिन्होंने इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का कमाल साल 2002 में किया था।

राहुल द्रविड़ ने साल 2002 में इंग्लैंड दौरे पर खेले गए टेस्ट सीरीज के दौरान कुल 602 रन बनाए थे, लेकिन अब गिल ने 607 रन बनाकर उन्हें पीछे छोड़ दिया। इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में तीसरे नंबर पर विराट कोहली हैं जिन्होंने साल 2018 में 593 रन बनाए थे जबकि सुनील गावस्कर लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं जिन्होंने साल 1979 में 542 रन बनाए थे।

### इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

607 रन – शुभमन गिल (2025)
602 रन – राहुल द्रविड़ (2002)
593 रन – विराट कोहली (2018)
542 रन – सुनील गावस्कर (1979)
461 रन – राहुल द्रविड़ (2011)
428 रन – सचिन तेंदुलकर (1996)

# सिराज पर मैच फीस का 15% फाइन लगा

## एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया, डकेट को आउट करने के बाद आक्रामक जश्न मनाया

**एजेंसी ● लॉर्ड्स**



भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत फाइन लगा है। मैच फीस के अलावा उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है। सिराज लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के चौथे दिन बेन डकेट को आउट करने के बाद एग्रेसिव सेलिब्रेशन करते नजर आए थे। यह ICC आचार संहिता के लेवल-1 उल्लंघन के बराबर है। डकेट के विकेट पर सिराज का एग्रेसिव सेलिब्रेशन रविवार को छठे ओवर में इंग्लैंड ने दूसरी पारी में अपना पहला विकेट गंवाया। सिराज ने शॉर्ट ऑफ लेंथ बॉल फेंकी। बेन डकेट पुल करने गए, लेकिन बॉल ज्यादा नहीं उछली और वे मिड ऑन पर जसप्रीत बुमराह के हाथों कैच हो गए। डकेट का विकेट मिलते ही सिराज एग्रेसिव सेलिब्रेशन करते नजर आए। वे दौड़ते हुए डकेट के पास गए और उनसे अपना कंधा टकरा दिया। जिसके बाद फील्ड अंपायर सिराज को समझाने पहुंच गए। डकेट 12 रन बनाकर आउट हुए। सिराज ने अपराध स्वीकार किया सिराज ने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, जिससे औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता समाप्त हो गई। यह आरोप मैदानी अंपायर पॉल रीफेल और शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, थर्ड अंपायर अहसान रजा और फोर्थ अंपायर ग्राहम लॉयड द्वारा लगाया गया था।

24 महीने में सिराज को दूसरा डिमेरिट पॉइंट 24 महीनों की अवधि में सिराज का यह दूसरा डिमेरिट पॉइंट था, जिससे उनके डिमेरिट पॉइंट्स की संख्या दो हो गई। उनका पिछला डिमेरिट पॉइंट 7 दिसंबर, 2024 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड टेस्ट के दौरान आया था। 24 महीने की अवधि में चार या उससे ज्यादा डिमेरिट पॉइंट जमा करने वाले खिलाड़ियों पर बैन लगाया जा सकता है। क्या कहता है कोड ऑफ कंडक्ट का नियम ICC कोड ऑफ कंडक्ट के मुताबिक, लेवल-1 और लेवल-2 के उल्लंघन पर 1 से 2 डिमेरिट पॉइंट्स के साथ शून्य से 50 फीसदी मैच फीस लगती है।

# इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट 22 रन से जीता

## 193 रन नहीं बना सका भारत, सीरीज में 1-2 से पिछड़ा; आर्चर-स्टोक्स को 3-3 विकेट

**एजेंसी ● लंदन**

इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट में भारत को 22 रन से हरा दिया। सोमवार को मैच के 5वें दिन भारत को 135 रन बनाने थे, 6 विकेट बाकी थे। टीम ने 112 रन बनाने में ही सभी विकेट गंवा दिए। इसी के साथ इंग्लैंड ने 5 टेस्ट की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बना ली। चौथा टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। गुरुवार, 10 जुलाई को लंदन में इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी। दोनों टीमें पहली पारी में 387-387 रन ही बना सकीं। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 192 रन बनाए। 193 रन के टारगेट के सामने भारत से केएल राहुल (39 रन) और रवींद्र जडेजा (नाबाद 61 रन) ही फाइट दिखा सके। बाकी कोई भी बैटर 15 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। इंग्लैंड से बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने 3-3 विकेट लिए। 75वां ओवर डाल रहे शोएब बशीर ने मोहम्मद सिराज को बोल्ड कर दिया। इसी के साथ भारतीय टीम दूसरी पारी में 170 रन पर ऑलआउट हो गई और 22 रन से हार गई।

### सिराज के कंधे पर लगी आर्चर की बॉल

74वें ओवर में जोफ्रा आर्चर की बॉल मोहम्मद सिराज के कंधे पर लगी। आर्चर ने ओवर की आखिरी बॉल बाउंसर डाली थी। सिराज ने इससे इससे बचने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए।

### टी-ब्रेक : भारत के नाम रहा दूसरा सेशन

आखिरी दिन का दूसरा सेशन भारत के नाम रहा। 31.1 ओवर के इस सेशन में भारत ने एक विकेट खोकर 51 रन बना डाले। रवींद्र जडेजा ने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ साझेदारी की। उन्होंने इंग्लैंड के जीत के इंतजार को बढ़ा दिया।

### जडेजा की लगातार चौथी फिफ्टी

रवींद्र जडेजा ने 68वें ओवर की पहली बॉल पर चौका लगाकर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने बेन स्टोक्स की लेंथ को स्लिप के ऊपर से खेला और अर्धशतक पूरा किया। जडेजा ने लगातार चौथी पारी में फिफ्टी पूरी की है।



### दूसरी पारी में भारत का स्कोर 150 पार, जडेजा खेल रहे

67वें ओवर में भारत ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। रवींद्र जडेजा ने बेन स्टोक्स के ओवर की आखिरी बॉल पर चौका लगाया और स्कोर 150 पार पहुंचा दिया।

### रवींद्र जडेजा डीआरएस लेकर आउट होने से बचे

48वें ओवर में रवींद्र जडेजा क्रिस वोक्स की बॉल पर आउट होने से बचे। ओवर की चौथी बॉल पर फील्ड अंपायर ने उन्हें आउट करार दिया था। ऐसे में जडेजा ने DRS लिया। रिप्ले देखने से पता चला कि बॉल का इम्पैक्ट ऑफ स्टंप के बाहर था।

### रन लेने के प्रयास में कार्स से भिड़े जड़ेजा, बहस हुई

भारतीय पारी के 35वें ओवर में रवींद्र जडेजा रन लेने के प्रयास में इंग्लिश पेसर ब्रायडन कार्स से भिड़ गए। इसके बाद दोनों के बीच बहस भी हो गई।

# वरुण आरोन सनराइजर्स हैदराबाद के नए बॉलिंग कोच बने

## फ्रेंचाइजी ने कहा- कोचिंग में आक्रामक बॉलर का स्वागत है, भारत से 9 टेस्ट खेले

**एजेंसी ● हैदराबाद**

सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) ने IPL 2026 सीजन के लिए वरुण आरोन को अपना नया गेंदबाजी कोच बनाया है। वे न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह लेंगे। SRH ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट X पर लिखा, हमारे कोचिंग स्टाफ में एक आक्रामक बॉलर का स्वागत है। वरुण आरोन SRH के नए बॉलिंग कोच होंगे।

### भारत के लिए 9 टेस्ट और 9 वनडे खेले

वरुण आरोन ने 2011 से 2015 के बीच भारत के लिए 9 टेस्ट और 9 वनडे खेले थे। इस साल 5 जनवरी को जयपुर में गोवा के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी का मैच उनका आखिरी मुकाबला रहा। झारखंड की टीम नॉकआउट में नहीं पहुंच सकी और इसके बाद आरोन ने अपने क्रिकेट करियर को अलविदा कह दिया।



### 150 किमी. की रफ्तार की बॉलिंग ने पहचान दी

35 साल के आरोन ने तेज गेंदबाज के रुप में शानदार शुरुआत की थी और 150 किमी/घंटा से ऊपर की गति से गेंदबाजी कर सभी का ध्यान खींचा था। उस समय चयनकर्ताओं ने उन पर और उमेश यादव पर खास ध्यान दिया था। उमेश यादव ने 50 से ज्यादा टेस्ट खेले, वहीं आरोन को लगातार चोटों के कारण अधिक मौका नहीं मिल पाया और वे टीम से बाहर होते चले गए। रिटायरमेंट के बाद आरोन टीवी कमेंट्री और क्रिकेट विश्लेषण के रुप में काम कर रहे हैं।

# जसप्रीत बुमराह का खाता खोलने का इंतजार खत्म, 7 महीने बाद बल्ले से निकला रन

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

लॉर्ड्स टेस्ट की दूसरी पारी में जसप्रीत बुमराह ने जोफ्रा आर्चर को चौका जड़कर खाता खोला। उन्होंने 7 महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में रन बनाए। वह पिछली 8 में 6 पारियों में खाता नहीं खोल पाए हैं। बुमराह ने सिडनी टेस्ट की पहली पारी में 22 रन बनाए थे। इसके बाद वह लगातार 4 पारी में खाता नहीं खोल पाए। लॉर्ड्स टेस्ट की पहली पारी में जसप्रीत बुमराह टेस्ट में 28वीं बार इंटरनेशनल क्रिकेट में 35वीं बार बगैर खाता खोले आउट हुए थे। भारत के लिए बगैर खाता खोले सबसे ज्यादा बार आउट होने वाले बल्लेबाजों की सूची में बुमराह ने सचिन तेंदुलकर और रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया था। भारत के लिए सबसे ज्यादा बार जहीर खान बगैर खाता खोले आउट हुए हैं। 227 पारी में 43 बार वह खाता नहीं खोल पाए। इशांत शर्मा 173 पारी में 40 बार खाता नहीं खोल पाए। विराट कोहली 617 पारी में 38 बार बगैर खाता खोले आउट हुए। हरभजन सिंह 284 पारी में 37 बार बगैर खाता खोले आउट हुए। अनिल कुंबले 307 पारी में 35 बार खाता नहीं खोल पाए। रोहित शर्मा 532 पारी में 34 और सचिन तेंदुलकर 782 पारी में 34 बार खाता नहीं खोल पाए। जवागल श्रीनाथ 213 पारी में 32 और वीरेंद्र सहवाग 431 पारी में 31 बार बगैर खाता खोले आउट हुए।

### जसप्रीत बुमराह की पिछली 8 पारियां

जसप्रीत बुमराह की पिछली 8 पारियों की बात करें तो 0,0,22,0,0,0,0 और 5 रन बनाए । बुमराह 2024 में बॉक्सिंग डे टेस्ट की दोनों पारियों में 3 और 8 गेंद खेलकर बगैर खाता खोले आउट हुए थे। इसके बाद सिडनी टेस्ट की पहली पारी में 17 गेंद पर 22 रन बनाए। दूसरी पारी में 8 गेंद पर बगैर खाता खोले आउट हुए। इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट में 7 और दूसरी पारी में 1 गेंद खेलकर आउट हुए। लॉर्ड्स में 11 गेंद खेलकर आउट हुए।

# MI न्यूयॉर्क ने जीता मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट

## वॉशिंगटन फ्रीडम को 5 रन से हराया, रुशिल उगारकर ने आखिरी ओवर में 12 रन डिफेंड किए

**एजेंसी ● डलास**

सीजन की शुरुआत में अपने पहले 7 में से 6 मैच हारने वाली MI न्यूयॉर्क ने कमाल की वापसी करते हुए 2025 मेजर लीग क्रिकेट (MLC) का खिताब जीत लिया। ग्रैंड प्रेरी स्टेडियम डलास में खेले गए फाइनल में MI न्यूयॉर्क ने वॉशिंगटन फ्रीडम को 5 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। रुशिल उगारकर को उनके 2 विकेट के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आखिरी ओवर में 12 रन नहीं बनाने दिए वॉशिंगटन को जीत के लिए आखिरी ओवर में 12 रन चाहिए थे। क्रीज पर ग्लेन मैक्सवेल और ग्लेन फिलिप्स जैसे अनुभवी बल्लेबाज थे। लेकिन MINY के 22 वर्षीय गेंदबाज रुशिल उगारकर ने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने अपनी पहली और दूसरी बॉल पर सिर्फ एक-एक रन दिए।




तीसरी बॉल पर रुशिल ने मैक्सवेल को बीट कर दिया। चौथी बॉल पर मैक्सवेल लॉन्ग ऑन पर ब्रेसवेल के हाथों कैच आउट हुए। पांचवीं बॉल पर नए बल्लेबाज ओबस पीनार चूक गए। इसके बाद आखिरी बॉल पर 10 रन चाहिए थे। इस बॉल पर पीनार ने चौका लगा दिया। इस तरह MINY ने मुकाबला 5 रन से जीत लिया। रन चेज में वॉशिंगटन की शुरुआत खराब वॉशिंगटन फ्रीडम ने 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बेहद खराब शुरुआत की। पहले ही ओवर में ट्रेंट बोल्ट ने मिचेल ओवेन और एंड्रिस गाउस को आउट कर दिया। इसके बाद रचिन रविंद्र (70 रन, 41 गेंद) और जैक एडवर्ड्स (33 रन) ने 84 रन की साझेदारी की, जिससे टीम संभली। रवींद्र ने 8 चौके और 2 छक्के लगाए, लेकिन 16वें ओवर में उगारकर की गेंद पर आउट हो गए। ग्लेन फिलिप्स ने नाबाद 48 रन बनाए और आखिरी तक लड़े लेकिन जीत दिला नहीं पाए। MINY की पारी का हाल पहले बल्लेबाजी करते हुए MINY ने 180/7 रन बनाए। क्विंटन डिकॉक ने शानदार 77 रन (46 गेंद, 6 चौके, 4 छक्के) बनाए। मोनांक पटेल (28) के साथ 72 रन की ओपनिंग साझेदारी की।निकोलस पूरन ने 24 रन बनाए और डिकॉक के साथ 56 रन जोड़े। अंत में कुंवरजीत सिंह के तेज 22 रन (13 गेंद) से टीम का स्कोर 180 तक पहुंचा। वॉशिंगटन की तरफ से लॉकी फर्ग्यूसन ने 3 विकेट लिए उन्होंने डिकॉक और पोलार्ड को आउट किया। नेत्रवलकर और मैक्सवेल को एक-एक विकेट मिला।

## बोलीं- बहुत सोचने के बाद हम दोनों ने फैसला लिया, 7 साल पहले लव मैरिज की थी

# बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल पति से अलग हुईं

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

**भारतीय बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल ने रविवार देर रात अपने पति और बैडमिंटन प्लेयर पारुपल्ली कश्यप (पी. कश्यप) से अलग होने की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी में लिखा, 'बहुत सोच-विचार के बाद, कश्यप और मैंने अलग होने का फैसला किया है।'**

साइना ने लिखा, 'जिंदगी कभी-कभी हमें अलग-अलग दिशाओं में ले जाती है। हम एक-दूसरे के लिए शांति, तरक्की और उबरना चुन रहे हैं। मैं उनके साथ सभी यादों के लिए आभारी हूं और आगे के लिए शुभकामनाएं देती हूं। हमारी निजता को समझने और उसका सम्मान करने के लिए धन्यवाद।' साइना नेहवाल ने 14 दिसंबर, 2018 को कश्यप पारुपल्ली के साथ लव मैरिज की थी। दोनों 2007 से रिलेशनशिप में थे।

हालांकि, 2005 से एक-दूसरे को जानते थे। अपने करियर के शुरुआती दिनों में दोनों हैदराबाद के पुलेला गोपीचंद एकेडमी में एक साथ ट्रेनिंग करते थे। एकेडमी में ट्रेनिंग के दौरान ही दोनों मिले थे। दोनों इस खेल में काफी आगे बढ़े। लंबे समय तक रिलेशनशिप में रहने के बाद 2018 में दोनों ने शादी की थी। हालांकि, शादी तक दोनों के रिलेशनशिप के बारे में लोगों को भनक भी नहीं थी।



### साइना ओलिंपिक मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी

हरियाणा की रहने वाली साइना नेहवाल ओलिंपिक मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। उन्होंने लंदन ओलिंपिक-2012 में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था। वे 2015 में विमेंस सिंगल्स रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर -1 प्लेयर रह चुकी हैं। साइना बैडमिंटन में वर्ल्ड नंबर-1 रैंक हासिल करने वाली एकमात्र महिला भारतीय खिलाड़ी हैं। वे 3 ओलिंपिक गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। साइना ने 2010 और 2018 के कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था। साइना ने 2008 में बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) विश्व जूनियर चैंपियनशिप जीतकर सुर्खियां बटोरी थीं। उसी साल उन्होंने पहली बार ओलंपिक में हिस्सा लिया। उन्होंने हॉन्गकॉन्ग की तत्कालीन वर्ल्ड नंबर-5 खिलाड़ी वांग चेन को हराया था, लेकिन इंडोनेशिया की मारिया क्रिस्टिन युलियांती से हार गईं। 2009 में, साइना BWF सुपर सीरीज प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। साइना को 2009 में अर्जुन अवॉर्ड और 2010 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कश्यप 2014 के कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीते पारुपल्ली कश्यप तेलंगाना के हैदराबाद के रहने वाले हैं। उन्होंने 2014 के कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था। यह 32 सालों में किसी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी का कॉमनवेल्थ गेम्स में पहला मेडल था। कश्यप ने पूर्व ऑल-इंग्लैंड चैंपियन प्रकाश पादुकोण और पुलेला गोपीचंद, दोनों के स्टूडेंट रहे हैं। वह 2012 में ओलिंपिक के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी भी हैं। 2013 में कश्यप वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-6 थे। यह उनके करियर की सबसे ऊंची रैंक थी। हालांकि, लगातार चोटों के कारण लंबे समय तक इस पोजिशन पर नहीं टिक सके।



तेलिन में 28वें लाउलुपिड्डु गीत और नृत्य महोत्सव के दौरान नर्तक प्रस्तुति देते हुए। इस कार्यक्रम में देश भर के 40,000 से ज्यादा गायक, संगीतकार और लोक नर्तक शामिल हुए।

## शॉर्ट न्यूज

### अब तक 2 लाख श्रद्धालुओं ने किए अमरनाथ में दर्शन

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के पहले 11 दिनों में करीब 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन कर लिए हैं। रविवार को 20,000 तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा में माथा टेका। यात्रा की शुरुआत 3 जुलाई को हुई थी और यह 38 दिन तक चलने वाली है। इस बीच सोमवार को 13वां जत्था, जिसमें 6,100 श्रद्धालु शामिल हैं, जम्मू से बालटाल और नुनवान (पहलगाम) के लिए रवाना हुआ। जानकारी अनुसार गांदरबल जिले के जेड-मोड़ टनल के पास तीर्थयात्रियों के काफिले का एक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें सीआरपीएफ के 3 जवान घायल हो गए। इससे पहले रविवार को कुलगाम में तीन बसों की टक्कर में 10 यात्री घायल हुए थे।

### खाटूश्यामजी से लौटते समय कार डिवाइडर से टकराई

**फिरोजाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यह दुर्घटना नसीरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत किलोमीटर संख्या 51 के पास हुई, जब खाटूश्यामजी के दर्शन कर लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार चालक समेत छह लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी यात्री राजस्थान से दर्शन कर वापस उन्नाव लौट रहे थे। कार चालक की पहचान शिवम के रूप में हुई है, जबकि एक अन्य घायल यात्री का नाम सरलेश है। दोनों उन्नाव जिले के निवासी हैं और सभी आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, हादसे की संभावित वजह चालक को नींद की झपकी आना हो सकती है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आसपास के लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए।

### इंडोनेशिया में 6.7 की तीव्रता से कांपी धरती

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की धरती सोमवार को 6.7 की तीव्रता से आए भूकंप से कंप गई है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप इंडोनेशिया के दक्षिणपूर्वी हिस्से में तानिम्बार द्वीप पर आया। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) और अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने भी सोमवार को इंडोनेशिया में आए भूकंप की पुष्टि की। भूकंप का केंद्र धरती के नीचे 110 किलोमीटर की गहराई में रहा है। हालांकि भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन भूकंप और मौसम वैज्ञानिकों ने इतनी तीव्रता वाले भूकंप को खतरनाक और विनाशकारी बताकर अलर्ट जारी किया है। इंडोनेशिया के तनिमबार द्वीप समूह में जोरदार भूकंप के झटके ने लोगों को हिला दिया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.7 मापी गई है।

### नया सार्क बनाने की योजना में चीन पूरी तरह से शामिल

# चीन-पाक-बांग्लादेश बनाना चाहते हैं नया सार्क, नेपाल ने किया इनकार

**एजेंसी ● काठमांडू**

**नया सार्क**

नया सार्क बनाने की चाल चल रहे पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश को झटका लगा है। नेपाल ने साफ कहा है कि वह नए सार्क को बनाए जाने के पक्ष में नहीं है। नेपाल इस समय सार्क का अध्यक्ष है और चाहता है कि सार्क को ही फिर से प्रासंगिक बनाया जाए और उसमें भारत की पूरी भागीदारी हो। नेपाल में ही वर्तमान सार्क का सचिवालय है। इससे पहले पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की एक बैठक हुई थी। इसके बाद भारत को घेरने के लिए नए सार्क के प्लान का खुलासा हुआ था। हालांकि बाद में पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसका नया सार्क बनाने का कोई इरादा नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक



चीन ने नेपाल को इस नए सार्क में शामिल करने के लिए नहीं कहा है। इस मामले से जुड़े नेपाली सूत्रों का कहना है कि काठमांडू की चीन और पाकिस्तान के प्लान में शामिल होने की कोई इच्छा नहीं है। इससे पहले आखिरी सार्क शिखर सम्मेलन काठमांडू में 2014 में हुआ था। 19वां सार्क शिखर सम्मेलन 2016 में इस्लामाबाद में होना था। भारत को इसमें शामिल होना था लेकिन पाकिस्तानी आतंकियों के उरी हमले के बाद इस फैसले को स्थगित कर दिया गया था। चीन और पाकिस्तान दोनों मिलकर दक्षिण एशिया के अपने समर्थक देशों के साथ मिलकर एक नया ग्रुप बनाना चाहते हैं जिसमें भारत शामिल नहीं होगा। भूटान भारत का करीबी देश है तो उसके शामिल होने की संभावना भी नहीं है। यह भी संभव है कि चीन और पाकिस्तान भूटान को न्योता नहीं दें। पिछले महीने चीन के कुनमिंग शहर में हुई बैठक के बाद यह साफ हो गया था कि इस नया सार्क बनाने की योजना में चीन पूरी तरह से शामिल है। पाकिस्तान पहले भी चाहता था कि चीन को सार्क में शामिल किया जाए ताकि भारत के प्रभाव को कम किया जाए सके लेकिन ऐसा नहीं हुआ। चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश का इरादा आर्थिक एकीकरण, आधारभूत ढांचे का विकास और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने का है। चीन ऐसे समय पर यह कदम उठा रहा है जब नई दिल्ली और बीजिंग के बीच रिश्ते सुधर रहे हैं। हाल ही में कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू हुई है और एससीओ की बैठक में हिस्सा लेने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर चीन की यात्रा पर हैं।

### बांग्लादेश ने पाकिस्तान और चीन से मिलाया हाथ

उरी आतंकी हमले के बाद साल 2016 से ही सार्क इनैक्टिव है। साल 2014 में काठमांडू शिखर सम्मेलन के बाद सार्क की बैठक नहीं हुई है। भारत ने अब सार्क की जगह पर बिम्सटेक को बढ़ावा देना शुरु कर दिया है। इससे पाकिस्तान परेशान है और वह नेपाल के रास्ते दबाव बनवा रहा था। इसके बाद भी जब भारत ने उसकी बात नहीं सुनी तो अब उसने चीन के साथ मिलकर नया सार्क बनाने जा रहा है। वहीं बांग्लादेश में भारत विरोधी मोहम्मद यूनुस के आने के बाद चीन और पाकिस्तान को नया सहयोगी मिल गया है। कुनमिंग में हुई बैठक में चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के वरिष्ठ राजनयिकों ने हिस्सा लिया। पाकिस्तानी अखबार ने कहा कि इस नए गुट में भारत को भी न्योता दिया जाएगा। माना जा रहा है कि भारत इसे खारिज करेगा क्योंकि इसे सार्क को रिप्लेस करके चीन का दबदबा कायम करने के लिए बनाया जा रहा है।

अगर यह संगठन खड़ा होता है तो सार्क हमेशा के लिए मर जाएगा। पाकिस्तान चाहता था कि सार्क की बैठक हो ताकि पीएम मोदी इस्लामाबाद जाएं और फिर कश्मीर को लेकर बातचीत हो लेकिन भारत के इसके लिए तैयार नहीं है। हाल ही में भारत ने सार्क के तहत पाकिस्तानी बिजनसमैन को दिए जाने वाले स्पेशल वीजा को भी पहलगाम हमले के बाद बंद कर दिया था। इससे सार्क को बड़ा झटका लगा था। पाकिस्तान और चीन इसको लेकर काफी लंबे समय से बातचीत कर रहे हैं।

# डेंगू मार रहा डंक, खतरे में 64 जिलों के लोग

**एजेंसी ● ढाका**

**संकट**

बांग्लादेश में डेंगू डंक मार रहा है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो यह एक देशव्यापी संकट बन जाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की ओर से डेंगू फैलाने वाले मच्छरों को रोकने के लिए जो कोशिशें की जा रही हैं, वे पर्याप्त नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विशेषज्ञों ने कहा है जल्द कदम नहीं उठाए गए तो डेंगू की समस्या पूरे देश के 64 जिलों में फैल सकती है।

रिपोर्ट में डीजीएचएस के मुताबिक 24 घंटे में डेंगू से एक और व्यक्ति की मौत हो गई। इसके साथ ही इस साल डेंगू से मरने वालों की कुल



संख्या 56 हो गई है। साथ ही 420 और लोग इससे पीड़ित होकर अस्पताल में भर्ती हैं, जिससे डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 14,880 हो गई है। देश में जो नए डेंगू के मामले सामने आए हैं, उनमें बरिशाल डिविजन में 116, चटगांव डिविजन में 79, ढाका डिविजन में 60, ढाका साउथ सिटी कॉरपोरेशन में 57 और ढाका नॉर्थ सिटी कॉरपोरेशन में 25 मरीज शामिल हैं।

### लोग सफाई पर ध्यान दें

कीट वैज्ञानिक ने यूनुस सरकार से कहा है कि फॉगिंग पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। इसके बजाय, मच्छरों के प्रजनन स्रोतों और उनके पनपने की जगहों को चिन्हित कर खत्म करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि फॉगिंग सिर्फ उन्हीं जगहों पर की जानी चाहिए जहां डेंगू के पुष्ट मामले सामने आए हैं। हर जगह फॉगिंग करने का कोई फायदा नहीं, लेकिन फिर भी सरकार इसको मुख्य तरीका बना रही है। अगर लोग अपने घरों और आस-पास की जगहों पर मच्छरों के पनपने की जगहें नहीं साफ करेंगे, तो डेंगू को रोकना मुश्किल होगा।

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने बुलाई हाईलेवल मीटिंग

### दिल्ली मास्टर प्लान 2041 की करेगी समीक्षा

**संवाददाता ● नई दिल्ली**

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने लंबे समय से पेंडिंग दिल्ली मास्टर प्लान 2041 ((एमपीडी 2041) के प्रावधानों की समीक्षा के लिए सोमवार एक हाई लेवल मीटिंग बुलाई है। डीडीए ने अप्रैल 2023 में केंद्र को ड्राफ्ट प्लान पेश किया था, जिसे अभी तक केंद्र द्वारा मंजूरी नहीं दी गई है। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने लंबे समय से पेंडिंग दिल्ली मास्टर प्लान (एमपीडी), 2041 के प्रावधानों की समीक्षा के लिए सोमवार को एक हाई लेवल मीटिंग बुलाई है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अप्रैल 2023 में केंद्र को ड्राफ्ट प्लान पेश किया था, जिसे अभी तक केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा मंजूरी नहीं दी गई है। इन क्लस्टर को इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), बायो टेक्नोलॉजी और रिसर्च जैसे सर्विस सेक्टरों को आकर्षित करने के लिए तैयार किया जा रहा है। इनसे राजधानी में लाखों रोजगार पैदा होने का अनुमान है। अधिकारियों ने बताया कि डेवलपमेंट मॉडल को अंतिम रूप देने के लिए एक ग्लोबल कंसल्टेंसी फर्म की मदद ली जा सकती है।

# देशभर में बारिश का दौर जारी, भारी बारिश का अलर्ट

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

देशभर में बारिश का दौर जारी है। पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश और बाढ़ का असर है। मौसम विभाग ने दिल्ली एनसीआर में सोमवार को आंधी और तूफान के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है और 17 जुलाई तक देश के अलग-अलग राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, जम्मू कश्मीर और पश्चिमी यूपी के कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। कई जगह गरज के साथ बिजली कड़कने की संभावना है। वहीं महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी सोमवार को बारिश का अलर्ट जारी किया है। यूपी में भी मौसम बदला हुआ है। प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी में उफान के कारण बाढ़ का पानी निचले इलाके में भर गया है। संगम के रास्ते जलमग्न हैं। पूरे यूपी में पिछले 24 घंटे में 14 लोगों की बारिश-बिजली गिरने और बाढ़ से मौत हो चुकी है। मौसम विभाग ने बिहार में अगले 48 घंटों तक मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की है। आईएमडी ने कई जिलों में भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। बिहार में दोबारा मानसून सक्रिय है। मौसम विभाग ने बिहार के 20 जिलों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। यूपी में एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में बिजली गिरने, डूबने और सांप के काटने समेत मई घटनाओं में 14 लोगों की मौत हो गई।

### संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ

# ईडी के सामने कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा की पेशी

**एजेंसी ● काठमांडू**

**मनी लॉन्ड्रिंग**

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और जानेमाने कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। उनसे ब्रिटिश हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ की गई। वाड्रा का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। 56 वर्षीय वाड्रा सुबह 11 बजे के बाद मध्य दिल्ली स्थित संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। उनके साथ केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी थीं। रॉबर्ट वाड्रा को एजेंसी ने पिछले महीने बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने विदेश यात्रा के कारण अपने समन को स्थगित करने का अनुरोध किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी उनसे तीन अलग-अलग धन शोधन मामलों में पूछताछ कर रही है, जिनमें यह मामला भी शामिल है। अन्य दो



मामले भूमि सौदों में कथित अनियमितताओं से संबंधित हैं। 63 वर्षीय भंडारी 2016 में आयकर विभाग की ओर से दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद लंदन भाग गए थे। हाल ही में दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है।

इससे पहले पिछले महीने वे ईडी की ओर से समन भेजे जाने के बाद भी पेशी के लिए नहीं आए थे। इसकी वजह उनका विदेश में होना बताया गया था। इससे पहले ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए वाड्रा को अपने दफ्तर बुलाया था। मामला ब्रिटेन के रहने वाले हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़ा है। मामले की जांच प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। ईडी ने 2023 में इस मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें आरोप लगाया गया है कि भंडारी ने 2009 में लंदन में एक मकान खरीदा और उसे रॉबर्ट वाड्रा के निर्देशानुसार रिनोवेट कराया। एजेंसी का दावा है कि इस रिनोवेशन के लिए पैसा वाड्रा ने दिया था। रॉबर्ट वाड्रा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि उनकी लंदन में कोई भी प्रॉपर्टी नहीं है।

### अप्रैल में भी हुई थी पूछताछ

वाड्रा से ईडी ने अप्रैल में तीन दिन लगातार पूछताछ की थी। ये पूछताछ हरियाणा में 2008 की एक जमीन डील में कथित गड़बड़ियों से जुड़े एक अन्य मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई थी। रॉबर्ट वाड्रा ईडी की जांच के तहत कुल तीन मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में फंसे हुए हैं।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)